भाद्रपद कृष्ण पक्ष-4, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 62 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
23 अगस्त 2024 शुक्रवार

**आज का मौसम**
30 अधिकतम
23 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो


Page- 7

### ट्रेन से पहुंचे कीव: जेलेंस्की से बातचीत पर दुनियाभर की नजरें..

# युध्दभूमि पर खास मिशन की शुरुआत, मोदी पहुंचे यूक्रेन

**कीव, एजेंसी।**

रूस और यूक्रेन के बीच जंग की शुरुआत के ढाई साल बाद प्रधानमंत्री मोदी आज यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंच गए हैं। उनकी इस यात्रा को एक मिशन की तरह देखा जा रहा है। वे पौलेंड से देर रात ट्रेन से रवाना हुए थे तथा 10 घंटे की यात्रा करने के बाद आज सुबह यूक्रेन पहुंचे। वे यूक्रेन की राजधानी कीव में 7 घंटे बिताएंगे।

यूक्रेन के दौरे पर जाने वाले मोदी पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। 1991 में सोवियत संघ के टूटने के कारण यूक्रेन के बनने के बाद से कोई भी भारतीय प्रधानमंत्री यूक्रेन नहीं गया था। उनका दौरा खास इसलिए भी है कि 24 फरवरी 2022 को जब रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था, तब से नाटो देशों के अलावा किसी अन्य देश के नेता ने यूक्रेन का दौरा नहीं किया। यूक्रेन के राष्टपति जेलेंस्की ने कुछ महीने पहले मोदी को यूक्रेन आने का न्योता दिया था। इससे पहले मोदी और जेलेंस्की ने 23 में जापान में ल-7 समिट के दौरान मुलाकात की थी। पीएम मोदी आज कीव में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करने भी पहुंच रहे हैं। इसके बाद वे जेलेंस्की से वार्ता करेंगे। उन्होंने कई भारतीयों से भी मुलाकात की है। संयुक्त राष्ट महासचिव एंटोनी गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने उम्मीद जताई कि पीएम मोदी का यूक्रेन दौरा शांति लाने में मददगार साबित होगा।



### रूसी मीडिया ने कहा-अब तक कोई पीस प्लान नहीं रखा..

रूस के सरकारी टीवी चैनल आरटी ने ब्लूमबर्ग के हवाले से लिखा है कि 'भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कीव और मॉस्को के बीच बातचीत के इच्छुक हैं लेकिन वो संघर्ष को खत्म करने के लिए मध्यस्थता करने की कोशिश नहीं करेंगे।' रूसी चैनल ने यह भी लिखा है कि 'फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के सैन्य ऑपरेशन शुरू होने के बाद से भारत ने हमेशा बातचीत और कूटनीति पर जोर दिया है। हालांकि, अब तक इसने कोई पीस प्लान सामने नहीं रखा। मोदी ने संघर्ष को खत्म करने के लिए एक मध्यस्थ की भूमिका निभाने से कथित तौर पर इनकार किया है।'

### पाकिस्तान ने जर्मनी की मंत्री का पर्स टटोला...




**इधर अपनी नीतियों की वजह से वैश्विक स्तर पर आलोचनाएं झेल रहे पाकिस्तान ने फिर बड़ा डिप्लोमैटिक ब्लंडर किया है। वहां पीएम शहबाज शरीफ आवास के एंट्री गेट पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने जर्मनी की मंत्री से उनका हैंडबैग मांग लिया। व सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए उनसे बैग छोड़कर पीएम से मिलने जाने को कहा। शुल्ज़े ने बैग देने से इनकार किया और पीछे मुड़कर अपनी कार की ओर जाने लगीं। इस तरह एक बड़ी डिप्लोमैटिक बैठक अचानक रद्द होती, इससे पहले सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें बैग साथ ले जाने की इजाजत दे दी।**

# 4 राज्यों में चुनाव से पहले मतदाता के मूड की चर्चा

**मोदी व राहुल के बीच कम हुआ रेंटिंग का अंतर**

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

देश में दो महत्वपूर्ण राज्य में विधानसभा चुनाव के साथ ही फिर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। तीन महीने पहले तक लोकसभा चुनाव की सरगर्मी के बाद अब कश्मीर, हरियाणा और इसके बाद झारखंड व महाराष्ट में चुनाव का नंबर है। इस बीच मूड ऑफ नेशन के नाम से किया गया सर्वे चर्चा में है। इसमें कहा गया है कि आज अगर दोबारा लोकसभा चुनाव के हों तो एनडीए की किस्मत ज्यादा नहीं बदलेगी पर कांग्रेस संभवत:100 सीटों का आंकड़ा पार कर सकती है। यानी चुनाव नतीजों के बाद भी राहुल की लोकप्रियता बढ़ रही है। भाजपा और एनडीए के लिए राहत की बात यह है कि पीएम मोदी



की लोकप्रियता में कमी नहीं आई है लेकिन पीएम के मामले में इंडिया टुडे के मूड ऑफ द नेशन का सर्वे कह रहा है कि नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी के बीच रेटिंग का अंतर कम हो गया है। अगला प्रधानमंत्री बनने के सवाल पर 49 प्रतिशत लोगों ने नरेंद्र मोदी को तथा राहुल गांधी को 22.4 प्रतिशत लोगों ने चुना है। मोदी के लिए फरवरी के सर्वे की तुलना में इल बार छह अंकों की गिरावट है और राहुल गांधी के लिए आठ अंकों की वृद्धि है।

# कोलकाता रेप केस: आरोपी को डर न पछतावा, जांच टीम भी हैरान

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ रेप और फिर उसकी हत्या करने के मामले में गिरफ्तार आरोपी संजय रॉय के मनोविश्लेषण से अहम खुलासा हुआ है। इसमें पाया गया है कि वह विकृत व्यक्ति था और अश्लील सामग्री देखने का आदी था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नयी दिल्ली स्थित केंद्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के डॉक्टरों ने बताया है कि कोलकाता पुलिस का स्वयंसेवी रहा आरोपी संजय रॉय 'जानवर जैसी प्रवृत्ति' का है। अधिकारियों का कहना है कि 'आरोपी को कोई पश्चाताप नहीं है और बिना हिचक उसने घटना का हर छोटा-बड़ा ब्योरा सामने रखा।



### डीन का झूठ पकडने की कोशिश

इधर विशेष अदालत ने सीबीआई को कालेज के पूर्व डीन डॉ. संदीप घोष और चार अन्य डॉक्टरों की 'पॉलीग्राफ' जांच कराने की अनुमति दे दी है।

**कविता लडेंगी आरोपी का केस:** खास बात यह है कि इस केस की सुनवाई के लिए कबिता सरकार को आरोपी संजय रॉय का वकील नियुक्त किया है। कबिता 25 साल से वकालत कर रही हैं और इस केस को अपने करियर का सबसे चुनौतीपूर्ण केस मानती हैं। कबिता मृत्युदंड के खिलाफ हैं और उनका मानना है कि उम्रकैद ही सबसे बड़ी सजा होनी चाहिए।

# फार्म हाउस की छत गिरने से 5 मजदूरों की मौत

**महू।** आज सुबह महू के करीब चोरल में निर्माणाधीन फॉर्म हाउस की छत गिरने से कई मजदूर दब गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची। जेसीबी नहीं पहुंचने से मजदूरों को बाहर नहीं निकाला जा सका। बाद में जेसीबी मौके पर लाई गई। मजदूरों को मलबे से निकालने का प्रयास किया जा रहा है। यह मजदूर छत के नीचे ही सोए हुए थे। अब तक 5 मजदूरों के शव निकाल लिए गए हैं। मलबा हटाया जा रहा है।



### बुजुर्गों के लिए खुशखबरी

## आतिशी ने कहा- केजरीवाल ने शुरू कराई रुकी हुई पेंशन

**नई दिल्ली।** पिछले पांच महीने से दिल्ली के बुजुर्गों को वृद्धावस्था पेंशन का इंतजार था। लेकिन अब उनका इंतजार खत्म हो गया है।



राजधानी के एक लाख बुजुर्गों की वृद्धावस्था पेंशन जाना शुरू हो गई है। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा कि बुजुर्गों के खाते में पेंशन भेजी जा रही है। इसे लेकर आतिशी सुबह एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की। उन्होंने सोशल मीडियो पर पोस्ट में यह बात लिखी है।आतिशी ने लिखा, 'पिछले पांच महीनों से बीजेपी की केंद्र सरकार ने दिल्ली के एक लाख बुजुर्गों की वृद्धावस्था पेंशन रोकी हुई थी। बुजुर्ग बहुत परेशान थे। अब मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सीएम केजरीवाल सरकार ने लड़-लडकर बुजुर्गों की रुकी हुई पेंशन को शुरू करवा दिया है। बुजुर्गों के बैंक अकाउंट में पिछले पांच महीने की पेंशन जानी शुरू हो गई है।'

### ओडिशा विधानसभा में हंगामा

## स्पीकर के आसन तक पहुंचे विधायक, आबकारी मंत्री के इस्तीफे की कर रहे मांग



**भुवनेश्वर।** ओडिशा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन में जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान बीजू जनता दल और कांग्रेस के विधायकों ने जमकर हंगामा किया। वे गंजम जिले में शराब त्रासदी को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। कार्यवाही के दौरान बीजेडी और कांग्रेस के नेता सदन के बीचों-बीच आकर हंगामा किया। कुछ विधायक तो विधानसभा अध्यक्ष के आसन तक भी पहुंच गए। वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें आसन के पास से दूर किया। विपक्ष राज्य के आबकारी मंत्री के इस्तीफे की भी मांग कर रहा है।

# अंबानी पर कड़क हुई सेबी, 25 करोड़ का जुर्माना ठोका

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड सेबी ने उद्योगपति अनिल अंबानी पर बड़ा एक्शन लेते हुए अंबानी समेत रिलायंस होम फाइनेंस के पूर्व प्रमुख अधिकारियों व 24 अन्य संस्थाओं को इक्विटी मार्केट से 5 साल के लिए बैन कर दिया है साथ ही 25 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सेबी ने इनपर कंपनी से फंड डायवर्जन के आरोप में यह कार्रवाई की है। इसके अलावा, मार्केट रेगुलेटर ने रिलायंस होम फाइनेंस को सिक्योरिटी मार्केट से छह महीने के लिए बैन कर दिया और उस पर 6 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है.। 222 पेजों के अंतिम आदेश में सेबी ने पाया कि अनिल अंबानी ने रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड के प्रमुख मैनेजमेंट की मदद से, फंड निकालने के लिए एक धोखाधड़ी




योजना बनाई थी, जिसमें उसे अपने से जुड़ी संस्थाओं को लोन के रूप में दिखाया गया था। हालांकि डायरेक्टर बोर्ड ने इस तरह के लोन देने की प्रथाओं को रोकने के लिए कड़े निर्देश जारी किए थे और कॉर्पोरेट लोन की नियमित समीक्षा की थी, लेकिन कंपनी के मैनेजमेंट ने इन आदेशों की अनदेखी की।

# किसानों के मुद्दे हल करने के लिए सुप्रीम कोर्ट अब बनाएगा कमेटी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

शंभू बॉर्डर पर बैठे किसानों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह किसानों की शिकायतों के निपटारे और सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए जल्द ही एक कमिटी का गठन करेगा। कमिटी में कई सदस्य होंगे और इसके लिए 2 सितंबर की तारीख तय कर दी है। कोर्ट ने पंजाब और



हरियाणा सरकारों से कहा है कि वह किसानों के मुद्दों की जानकारी कमिटी को दें। इससे पहले पंजाब सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 12 अगस्त के आदेश का पालन करते हुए उसने किसानों के साथ बैठक की, ताकि बंद किए गए हाइवे को आंशिक तौर पर खोला जा सके और किसान इसके लिए सहमत हो गए। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा है कि वह किसानों से मीटिंग जारी रखें और उन्हें हाइवे से ट्रैक्टर और ट्रालियां हटाने के लिए राजी करें। प्रदर्शनकारी किसान फसलों के एमएसपी की कानूनी गारंटी समेत अन्य मांगों को लेकर 13 फरवरी से शंभू बॉर्डर पर बैठे हुए हैं।

# 'विकास को गति, स्वदेशी सेटेलाइट के उपयोग में स्थानीय सहभागिता से'

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज यहां कहा कि स्वदेशी सेटेलाइट के बहुआयामी उपयोग में स्थानीय स्तर पर सहभागिता को प्रोत्साहित करने से विकास प्रक्रिया को गति मिलेगी अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़ी तकनीक का क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए प्रदेशवासियों के जीवन को बेहतर बनाने और विकास की प्रक्रिया में जिओ स्पेशियल टेक्नोलॉजी के उपयोग को बढ़ाने के लिए राज्य में हर स्तर पर गतिविधियां संचालित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान में जिओ स्पेशियल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में महिलाओं के क्षमता संवर्धन के लिए आयोजित संगोष्ठी में यह बात कही। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 23 अगस्त को 'टचिंग लाइव्स वाहिइल टचिंग द मून' शीर्षक से यह संगोष्ठी राज्य शासन द्वारा इसरो,




राष्ट्रीय महिला आयोग, रामभाऊ महालगी प्रबोधिनी और अर्थ साइट फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित की गई। संगोष्ठी में राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य सचिव मीनाक्षी नेगी, डॉ विनय सहस्त्रबुद्धे, महापौर मालती राय उपस्थित थीं।

**मेट्रो एंकर** रूद्रप्रयाग में लैंडस्लाइट से मौतें, त्रिपुरा में 1900 लैंडस्लाइट से तबाही, भोपाल में रातभर बरसे बदरा

# मानसून की नई करवट, चार दिन एहतियात के

**नई दिल्ली/ भोपाल।**

मप्र समेत देश के कई राज्यों में जोरदार बरसात से मंजर फिर बदल गया है। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में देर रात करीब लैंडस्लाइड के कारण 4 लोगों की मौत हो गई। रेस्क्यू में जुटी एनडीआरएफ टीम ने सुबह चारों के शव मलबे से निकाले। , बद्रीनाथ नेशनल हाईवे भी तेज बारिश और लैंडस्लाइड के कारण बंद हो गया है। चमोली पुलिस ने बताया कि मलबा हटाने का काम जारी है। उधर त्रिपुरा में बीते पांच दिन में 1900 लैंडस्लाइड से हडकंप है और गृहमंत्री अमित शाह ने त्रिपुरा के सीएम से फोन पर बात की है वहां 17 लाख लोग बाढ प्रभावित हैं। 22 लोगों की मौत हो चुकी है। 65 हजार लोग 450 रिलीफ कैंप में हैं। जबकि उत्तर प्रदेश के 10 जिलों के 80 से ज्यादा गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। बलिया में गंगा और बाराबंकी में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। राजस्थान में आज 26 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है।



## मध्यप्रदेश में 26 जिलों से अलर्ट

मध्यप्रदेश में एक बार फिर तेज बारिश का दौर शुरू हो गया है। भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम और रतलाम समेत कुछ जिलों में गुरुवार रात से ही बारिश हो रही है। सागर में 6 साल की बच्ची नदी में बह गई। देर रात तक उसका पता नहीं चल पाया था। मौसम विभाग के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में लो प्रेशर एरिया की वजह से मध्यप्रदेश में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हो गया है। अगले चार दिन यानी 26 अगस्त तक तेज बारिश का दौर रहेगा। साइक्लोनिक सर्कुलेशन और मानसून ट्रफ के चलते आज इंदौर-उज्जैन समेत 26 जिलों में तेज बारिश हो सकती है। इसके बाद भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। 25 अगस्त से सिस्टम और मजबूत हो जाएगा। भोपाल में पूरी रात बारिश से नादरा बस स्टैंड समेत कई निचले इलाकों में पानी भर गया, जबकि तुलसीनगर, हर्षवर्द्धन समेत 50 से अधिक इलाकों में बिजली गुल रही। शुक्रवार सुबह से भी रुक-रुककर बारिश का दौर जारी है। राजधानी 8 दिन के ब्रेक के बाद अगस्त के आखिरी दिनों में तरबतर हो रही है। पिछले 3 दिन से तेज और हल्की बारिश हो रही है। इससे बड़ा तालाब का जलस्तर भी बड़ा है। वर्तमान में लेवल 1666.50 फीट तक पहुंच गया है। कैचमेंट एरिया में तेज बारिश होते ही बड़ा तालाब फिर से फुल हो जाएगा। जिससे भदभदा और फिर कलियासोत डैम के गेट भी खुलेंगे। अगस्त में भोपाल में 13 इंच बारिश होने का ट्रेंड है। इस बार अब तक 10 इंच से ज्यादा पानी बरस चुका है। वहीं, सीजन में 34 इंच से ज्यादा बारिश हो गई है, जो सीजन की करीब 90 प्रतिशत तक है।

**आज 26 जिले भीग रहे:** शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, निवाड़ी, टीकमगढ़, पन्ना, दमोह, मंडला, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, बैतूल, नीमच, मंदसौर, रतलाम, आगर-मालवा, उज्जैन, शाजापुर, सीहोर, इंदौर, देवास, बड़वानी, खरगोन, खंडवा और बुरहानपुर जिलों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है।

## राजधानी की जर्जर सड़कों का हालत



राजधानी के कोलार रोड समेत कई सड़कों की जर्जर हालत जहां लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। फोटो: गोल्ल्डी रॉक

### बादल छुट्टी पर गए लेकिन राजधानी की सड़कों की पूरी मरम्मत न हो सकी

# फजीहत ढंकने के लिए सड़कों पर पत्थर लगा रहे लोनिवि-ननि अफसर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बारिश की वजह से खुली सड़कों की कलई से लोक निर्माण विभाग की जमकर फजीहत हो रही है। तमाम दावों के बावजूद विभाग के अफसर सडकों को करीब तीन सप्ताह में भी दुरुस्त नहीं कर सके हैं। शुरूआती दौडभाग के बाद भी जब अफसर बुरी तरह उधड़ चुकी सडकों को नहीं सुधार सके तो अब पत्थर वाले ब्लाक डालकर इसे चलने योग्य बना रहे हैं। बावजूद आलम यह है कि प्रशासन अकादमी के सामने वाली सड़क इस पूरी कवायद के बाद भी दुरुस्त नहीं हो सकी है।

इस बीच कई सड़कों पर गड्ढे को ढांकने के लिये पेवर ब्लॉक बिछाए गए हैं। रॉयल मार्केट से भारत टॉकीज तक सड़क की रिपेयरिंग की जा रही है। तो पुराने शहर में एलबीएस हॉस्पिटल के सामने की सड़क की मरम्मत भी शुरू की गई है। शाहपुरा, आकृति ग्रीन सिटी, छोला, रविशंकर मार्केट में पहली बार गड्ढों को पेवर ब्लॉक से भरा गया। हालांकि अफसर इस बात का ध्यान रख रहे हैं कि ब्लाक की वजह से सड़क की ऊंचाई नहीं बढ़े। भोपाल संभाग के चीफ इंजीनियर संजय मस्के इस काम की देखरेख कर रहे हैं। विभाग के पास कुल 268 सड़कें 573 किलोमीटर लंबी है। जिनमें से 4 सौ किमी सड़कें परफॉर्मेंस गारंटी में है। वहीं, 173 किमी सड़कें साधारण मरम्मत के अंतर्गत आती हैं। हालांकि अफसरों का दावा है कि बारिश में 14 सड़कों की 22 किमी की लंबाई में करीब 523 वर्गमीटर में गड्ढे पाए गए थे। लेकिन जर्जर हुई सडकों और गड्ढों की संख्या इससे ज्यादा ही है। हाल में तेज बारिश थमने के बाद 6 अगस्त से सर्वे किया गया था। हालांकि पूरी तरह सड़के नहीं सुधर सकी हैं और आने वाले दो तीन दिन में जमकर बारिश की भविष्यवाणी मौसम विभाग ने कर दी है।

नई तकनीक से वे गड्ढे भरे गए हैं। जो ज्यादा गहरे थे, उनमें पेवर ब्लॉक रखे गए। प्रशासन अकादमी की सड़क का पहले तो डामर और सीमेंट क्रॉन्कीट के जरिए मरम्मत का विकल्प आजमाया गया। लेकिन बारिश की वजह से फिर से सड़क जर्जर हो गई तो पेवर ब्लॉक के जरिए मरम्मत की गई। हालांकि अभी भी इस सडक पर वाहन हिचकोले खा रहे हैं। यही तकनीक आकृति ग्रीन सिटी, छोला, रविशंकर मार्केट समेत अन्य इलाकों की सड़कों पर भी अपनाई गई।

### ननि की सड़के ज्यादा, देखभाल कम

उल्लेखनीय है कि राजधानी में नगर निगम की सड़कों की तुलना में लोनिवि सड़कें काफी कम है। निगम की 4 हजार किलोमीटर से ज्यादा लंबाई की सड़कें हैं। बारिश की वजह से निगम की सड़कों की भी स्थिति जर्जर है। हालांकि निगम ने भी मुख्य सड़कों की मरम्मत कराई है, लेकिन गली-मोहल्लों की सड़कें अभी भी बदहाली की कहानी कह रही हैं। पिछले दिनों खराब सड़कों से लोगों की परेशानी पर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने निगम अफसरों को जमकर फटकार लगाई थी,इसके बाद निगम ने सड़कों को सुधारने का काम किया लेकिन नतीजा आधा अधूरा ही है।

## स्कूल के पास शराब की दुकान, राज्य शिक्षा केंद्र से जवाब तलब

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**




मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने भोपाल सहित प्रदेशभर के 15 मामलों में संज्ञान लिया है।पहला मामला भोपाल के ग्यारह मील बायपास स्थित शासकीय प्राथमिक शाला, झागरिया के कुछ दूरी पर ही शराब की दुकान मौजूद होने का है। आयोग के संज्ञान में आया है कि कुछ असामाजिक तत्व शराब पीने के बाद स्कूल परिसर में घुस आते है और उत्पात भी मचाते है। इस कारण स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को एवं स्कूल के स्टॉफ को उनसे खतरा बना रहता है। मामले में आयोग ने संचालक, राज्य शिक्षा केंद्र को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आयोग ने विद्यालय के बच्चों एवं स्टॉफ की सुरक्षा के लिये आवश्यक व्यवस्था के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

### नाले पर पुल बनाकर किया अवैध कब्जा

भोपाल शहर के कटारा हिल्स के मुख्य मार्ग के अमलतास चैराहे पर एक होटल मालिक द्वारा नाले पर बांस और लकड़ी का पुल बनाकर अवैध कब्जा किये जाने का मामला सामने आया है। पुल पर अवैध कब्जा होने से नाले के पास गंदगी और खतरा दोनों की परेशानी का सबब बन रहा है। मामले में आयोग ने आयुक्त, नगर निगम भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

### शादी का झांसा देकर से किया दुराचार

भोपाल शहर में एक युवक द्वारा नाबालिग के साथ दुराचार करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार आरोपित युवक नाबालिग का पड़ोसी था और उसने शादी का झांसा देकर नाबालिग से शारीकि संबंध बनाकर उसके साथ दुराचार करने लगा। मामले में आयोग ने पुलिस कमिश्नर भोपाल से मामले की जांच कराकर पी?त बालिका की सुरक्षा, मेडीकल, ईलाज परामर्श तथा विधिक सहायता एवं दोषी व्यक्ति के विरूद्ध की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

### सेंट्रल जेल में बंदी के साथ की मारपीट

भोपाल जिले के सेंट्रल जेल की अस्पताल में काम करने वाले एक बंदी को जेल प्रहरी द्वारा जबरन मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस कारण बंदी का कान का पर्दा फट गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद जेल अधीक्षक द्वारा जेल प्रहरी को निलंबित कर दिया है और बंदी को हमीदिया अस्पताल में ईलाज के लिये पहुंचाया गया है। मामले में आयोग ने अधीक्षक, केंद्रीय जेल, भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन 15 दिनों में मांगा है। साथ ही पीड़ित बंदी के प्रभावी निरूशुल्क ईलाज की व्यवस्था के संबंध में भी प्रतिवेदन मांगा है।



## गौ शाला में बन रहे सवा लाख पार्थिव शिवलिंग



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

पावन गौशाला बडवाई में भाद्रपद के अवसर पर सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण का सात दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। आचार्य राजेश शर्मा व अन्य पंडितों के सानिध्य में पार्थिव शिवलिंग बनाए जा रहे हैं। शर्मा का कहना है कि पार्थिव शिवलिंग एवं महामृत्युंजय का अनुष्ठान कलयुग में अधिक फल प्राप्ति दायक है, जिस मनुष्य की कुंडली में सभी ग्रह विपरित चल रहे हों और जीवन में उथल-पुथल हो विधि विधान से पार्थिव शिवलिंग बनाकर दूध, दही, शहद, धृत द्वारा वेद मंत्रों से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करने से गृह शांत होते हैं। अनुष्ठान के चलते पंडित रवि पटेरिया, दीपक मिश्रा, अनीश शर्मा, प्रदीप शर्मा व अन्य श्रद्धालू प्रतिदिन भगवान भोलेनाथ का पूजन कर रहे हैं।

## स्केटिंग में मिठी के दक्ष का राज्य के लिए चयन

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सागर पब्लिक स्कूल गांधीनगर में रोल बॉल स्केटिंग राज्य स्तरीय अंडर -14 प्रतियोगिता के लिए जिला स्तर पर चयन प्रक्रिया हुई, जिसमें शहर के सीबीएसई विद्यालयों के बच्चों के बीच प्रतिस्पर्धा हुई। चयन प्रक्रिया में मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल के छात्र दक्ष नायक ने अपनी दक्षता का प्रदर्शन किया। दक्ष ने कोच राकेश पाटिल के मार्गदर्शन में रोल बॉल स्केटिंग का प्रशिक्षण लिया है। विद्यालय प्रबंधन समिति ने उम्मीद जताई है कि दक्ष राज्य स्तरीय अंदर -14 प्रतियोगिता में जीत दर्ज कराएगा।



## तीजड़ी मनाई सिंधी समाज ने .....



सिंधी समाज की महिलाओं ने सिंध से चले आ रहे तीजड़ी पर्व को मनाया। निर्जला व्रत रख पति की लंबी आयु की कामना की। युवतियों ने योग्य वर की कामना की। तीजड़ी माता की पूजा अर्चना की। ज्वारे गोद में रखकर झूला झूला। बता दे रक्षा बंधन के तीसरे दिन सिंधी समाज में यह पर्व मनाया जाता है। गुरूवार सुबह से व्रत की शुरूआत शाम को कथा सुनने के बाद चन्द्रमा को अर्घ्य देकर व्रत पूर्ण हुआ।

**मेट्रो एंकर**

### बहनों के आशीर्वाद से सत्ता में आए : विष्णुदत्त, हुजूर में विकास के पीछे बहनों को आशीर्वाद :रामेश्वर

# 'हुजूर' में रक्षा बंधन उत्सव, 25 हजार बहनों ने विधायक को बांधे रक्षा सूत्र

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

हुजूर विधानसभा क्षेत्र में गुरूवार से रक्षा बंधन उत्सव की शुरूआत हुई। गांधीनगर और संतनगर में के कार्यक्रमों में 25 हजार बहनों ने विधायक रामेश्वर शर्मा को राखी बांधी। संतनगर में हुए कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी ने भी बहनों से राखी बंधवायी और आशीर्वाद लिया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि हम हुजूर विधानसभा से लेकर पूरे मध्यप्रदेश में और प्रदेश से लेकर पूरे देश में जनता के हित में कुछ करने के लिए सक्षम बने हैं, सत्ता में आए हैं। मैं अपनी लोकसभा सहित पूरे प्रदेश में जाता हूं और महसूस करता हूं कि सभी जगह हमें जो ताकत मिली है वह बहनों के आशीर्वाद से ही मिली है। रामेश्वर शर्मा से लेकर, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक सभी को बहनों के आशीर्वाद से ही ताकत मिली है और इसी ताकत के दम पर देश सेवा के लिए हम सभी जगह सत्ता में आए हैं।



### रिश्तों को निभाने पर्व रक्षाबंधन

विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहनों के लिए उज्ज्वला गैस की योजना दी है। अभी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रक्षाबंधन पर लाडली बहनों के खाते में नेग के पैसे डालें हैं। यह भाजपा की सरकार है, नरेंद्र मोदी की सरकार है, डॉ मोहन यादव की सरकार है, जो गरीबों की सेवा करने के लिए राजनीति कर रही है। शर्मा ने कहा कि हिंदू धर्म में नारी हर रूप में पूजी जाती है। बेटी जब जन्म लेती है तो कन्या रूप में पूजन होता है। बड़ी होकर विवाह होता है तो पत्नी रूप में पूजी जाती है। और जब बेटा बेटी को जन्म देती है तो मां के रूप में पूजी जाती है। नारी को सम्मान देने की यह परंपरा सिर्फ हिंदू धर्म में ही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सम्मान की इस परंपरा को आगे बढ़ाया है और अपनी सरकार की योजनाओं से पूरे देश में नारी का मान बढ़ाया है। हम भी हुजूर विधानसभा में रक्षाबंधन उत्सव के माध्यम से नारी के सम्मान और बहनों से रिश्ते निभाने की परंपरा का निर्वाह कर रहे हैं।

### ये है खास उत्सव

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा और जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी को 11 हजार बहनों ने रक्षा सूत्र बांधे।
- बहनों से राखी बंधवा कर और पैर छूकर सभी नेताओं ने आशीर्वाद भी लिया।
- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा कार्यक्रम में बहनों के साथ सेल्फी ली।
- गुरुवार को गांधीनगर, भैंसाखेड़ी और वार्ड दो-तीन में हुए रक्षाबंधन उत्सव 25 हजार बहनों ने विधायक रामेश्वर शर्मा को राखी बांधी।

### चीफ वाइल्डलाइफ वार्डन ने माना अधिकारियों की लापरवाही से बढ़े बाघ की मौत के मामले

# 12 साल से बांधवगढ़ में जारी है बाघों की मौत, लेकिन...

## जांच 3 साल की मौतों पर अटकी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मध्य प्रदेश समेत सभी राज्यों में बाघों की मौत के मामले बढ़ रहे हैं। इनमें बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व (बीटीआर) देश के अन्य रिजर्व की तुलना में सबसे हॉटस्पॉट बना हुआ है। यहां लगातार बाघों की मौतें हो रही है। इन मौतों ने राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की चिंता बढ़ा दी। बाघों की मौत से जुड़े आंकड़ों के मुताबिक बांधवगढ़ और उससे जुड़े वन क्षेत्रों समेत मध्य प्रदेश में पिछले 12 सालों में 280 से अधिक बाघों की मौत हुई है जो की किसी भी राज्य की तुलना में सर्वाधिक है। अकेले बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बीते 3 वर्षों में 40 से अधिक बाघों की मौत हुई है जो की संदिग्ध है।



### एसआईटी जांच में उठाएं सवालों पर घिरा वन विभाग

प्रदेश के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व और उससे जुड़े शहडोल वन क्षेत्र में बाघों की मौत के मामले की जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम बनाई गई थी जिसके द्वारा कई फैक्ट फाइंडिंग दी है। जिसमें बताया गया है कि कई बाघों की मौत संदिग्ध है जिन बाघों की मौत हुई है उनकी जांच भी ठीक से नहीं की गई। यहां तक की पोस्टमार्टम और अंतिम संस्कार से जुड़े प्रोटोकॉल का भी पालन नहीं किया गया। कहने का आशय है कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व व उससे सटे आसपास के वन क्षेत्र में जो मौतें पिछले 3 वर्षों में हुई है वह कहीं न कहीं लापरवाही का नतीजा है और इसमें किसी संदिग्ध गतिविधियों से भी इनकार नहीं किया जा सकता। यही नहीं, एसआइटी द्वारा उठाए जाने वाले सवालों के जवाबों में मध्य प्रदेश का वन अमला घिर गया है। बाघों के संरक्षण और सुरक्षा की जिम्मेदारी के लिए गठित वन विभाग की वन्यप्राणी विंग के तत्कालीन मुखिया चीफ वाइल्डलाइफ वार्डन शुभरंजन सेन ने माना था कि अधिकारियों की लापरवाही और बाघ संरक्षण में उदासीनता की वजह से बाघों की मौत के मामले बढ़े हैं।

असल में बाघों की मौत से जुड़ी एक रिपोर्ट के आधार पर राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) ने मप्र के वाइल्डलाइफ वार्डन से बांधवगढ़ और उसके आसपास के जंगल में 2021 से 2023 के बीच हुई बाघों की मौत के बारे में सिलसिलेवार जानकारी पूछी थी। यह भी पूछा था कि इन बाघों की मौत की वजह क्या है, जिसके जवाब में सीडब्ल्यूसी ने एनटीसीए को जवाब दिया है उस जवाब में मध्य प्रदेश के उन अफसर की लापरवाही की बात कही है जो पिछले वर्षों में बीटीआर जिम्मेदार पदों पर रह चुके हैं। जवाब में यह भी बताया है कि उन अधिकारियों को नोटिस देकर उनका जवाब मांगा जा रहा है, इसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### प्रोजेक्ट वर्क प्रभावी और आकर्षक बनेंगे

## बच्चे एआई की मदद से पूरे करेंगे प्रोजेक्ट



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पारंपरिक शिक्षा और प्रेक्टिकल नॉलेज के लिए बच्चे को खेत और खलियानों की जानकारी जुटानी होगी। इसके लिए उन्हें प्रोजेक्ट दिए जाएंगे। इन प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के उपयोग को बताया जाएगा। एनसीईआटी इसे अपने सिलेबस में शामिल करने जा रहा है। प्रायमरी कक्षाओं से ही इसका उपयोग किया जाना है। इसके लिए ई लर्निंग प्लेटफॉर्म पहले ही डिजाइन किए गए थे। बीते साल कुछ स्कूलों में इनका उपयोग हो रहा है। इनमें से ज्यादातर एआई बेस्ड हैं। अब प्रोजेक्ट वर्क में इनका उपयोग किया जाएगा। इसके लिए कक्षा छठवीं में कुछ प्रोजेक्ट को शामिल किया जा रहा है। यह व्यावसायिक शिक्षा के तहत होगा। व्यावसायिक शिक्षा संस्थान के एक्सपर्ट के मुताबिक एआई आधारित टूल्स और प्लेटफॉर्म प्रोजेक्ट वर्क को अधिक प्रभावी ढंग बनाया जा सकेगा। डाटा स्त्रोतों से जानकारी इकट्ठा करने में मदद मिलेगी। कई टूल्स लेखन से भी जुड़े हैं। एनसीईआरटी के पूर्व सदस्य दामोदर जैन के मुताबिक बच्चों के स्किल के आधार पर ये शामिल हो। ताकि सीखने की क्षमता विकसित हो।

### 'सीपेट का युवाओं के करियर निर्माण में योगदान'

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने कहा है कि सीपेट (केंद्रीय पेट्रो रसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान) का युवाओं के कैरियर निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। राज्यमंत्री गौर सीपेट के भोपाल स्थित कौशल एवं तकनीकी सहायता केंद्र में शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। राज्यमंत्री गौर ने कहा कि सीपेट जैसी संस्थाएं आज देश की बहुत बड़ी आवश्यकता है।

### उच्च शिक्षा विभाग ने ऑफलाइन प्रवेश के दिए थे आदेश

## यूजी-पीजी में प्रवेश के लिए भटकते रहे छात्र, गफलत में बीता पहला दिन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

उच्च शिक्षा विभाग ने यूजी-पीजी कोर्स की पांच लाख से अधिक सीटों को भरने के लिए सीएलसी का चौथा राउंड शुरू किया है। यह राउंड गुरुवार से शुरू होना था, लेकिन प्रवेश के लिए स्पष्ट गाइडलाइन न होने के कारण पहले दिन विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं मिल सका। कॉलेजों में प्रवेश लेने पहुंचे छात्रों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। कॉलेज प्राचार्यों के अनुसार एडमिशन के लिए उच्च शिक्षा विभाग का पोर्टल तक ओपन नहीं हुआ। विभाग ने इस राउंड में कॉलेजों को ऑफलाइन प्रवेश के आदेश दिए थे। आदेश के अनुसार कॉलेजों को खाली सीटों पर प्रवेश देने से पहले अग्रणी कॉलेज के प्राचार्य के माध्यम से संबंधित अतिरिक्त संचालक से अनुमति लेना जरूरी था। कॉलेज प्राचार्यों ने बताया कि पिछले वर्ष तक कॉलेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) में पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर कॉलेज प्रवेश देते थे। लेकिन इस साल कोई स्पष्ट गाइड लाइन न होने के कारण प्रवेश शुरू नहीं हो सके। यहां तक कि प्रवेश के लिए उच्च शिक्षा विभाग का पोर्टल तक ओपन नहीं हुआ। बता दें कि मंगलवार को विभाग ने



ऑनलाइन प्रवेश का शेड्यूल जारी किया था, लेकिन बुधवार को विभाग ने इसमें संसोधन करते हुए ऑफलाइन प्रवेश के आदेश कॉलेजों को दिए थे। यह प्रवेश 31 अगस्त तक होना है।

**सीट बढ़ाने का अधिकार नहीं:** विभाग ने आदेश अनुसार इस राउंड में किसी भी कॉलेजों को किसी भी विषय की सीटें बढ़ाने के अधिकार नहीं होगा। छात्र कॉलेजों में विषय के अनुसार खाली सीटों के आधार पर ही प्रवेश ले सकेंगे। छात्र चाहें तो विषय में बदलाव कर सकते हैं।

### अतिथि शिक्षक की आमंत्रण प्रक्रिया 24 तक

**भोपाल।** प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्था के लिये अतिथि शिक्षक आमंत्रण की कार्यवाही की जा रही है। अब यह कार्यवाही अनिवार्य रूप से 24 अगस्त, 2024 तक पूरी किये जाने के लिये कहा गया है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किये गये हैं। बता दें कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अतिथि शिक्षकों की आमंत्रण की कार्यवाही 21 अगस्त तक पूरा करने के निर्देश दिए गए थे। जबकि विभागीय सूत्रों की मानें तो प्रक्रिया के मामले में अब तक विभाग 50 फीसदी भी काम पूरा नहीं कर सका है। ऐसे में अंतिम तिथि तक प्रक्रिया पूरी होने के चलते एक बार फिर तारीख में इजाफा किया गया है।

## कांग्रेस का प्रदर्शन जोरदार, वाटर कैनन की मार से गिरे दो विधायक



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कांग्रेस के कल देशव्यापी प्रदर्शन के दौरान भोपाल में कांग्रेस नेताओं पर पुलिस को 'बलप्रयोग' करना पड। अरेरा हिल्स स्थित प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय पर प्रदर्शन करने जा रहे कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने बोर्ड ऑफिस चौराहे पर रोक लिया। कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद और महेश परमार ने बैरिकेड पर च?ने की कोशिश की तो पुलिस ने वाटर कैनन का प्रयोग कर रोका। परमार वाटर कैनन की मार से नीचे गिर गये। वहीं श्योपुर के विधायक बाबू जंडेल को पुलिस ने बेरीकेड से हाथ पक?कर नीचे उतार दिया। इससे पहले कांग्रेस कार्यकर्ता मंजीरे बजाते हुए कार्यालय से निकले और व्यापमं चौराहे पर पहुंचे। यहां सभा हुई। सभा को प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया। इससे पहले सभा को मप्र कांग्रेस प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह, प्रदोध्यक्ष जीतू पटवारी और अजय सिंह आदि ने संबोधित किया। सभी के निशाने पर उद्योगपति अडानी भी रहे और हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद सेबी चीफ के इस्तीफे की मांग की गई।

## इग्नू के छात्र प्रैक्टिकल के लिए कर सकेंगे विवि की लैब का उपयोग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) के विद्यार्थियों को अब नियमित विद्यार्थियों की ही तरह प्रैक्टिकल की सुविधा मिल सकेगी। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए जिला स्तर पर अध्ययन केंद्र शुरू किए हैं। भोपाल में एस, केंद्रीय संस्कृत यूनिवर्सिटी, मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय में अध्ययन केंद्र के लिए प्रस्ताव मंजूर हो चुका है। वहीं बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी का प्रस्ताव विचाराधीन है। इग्नू के उपनिदेशक डॉ. अंशुमान उपाध्याय ने बताया कि बीयू के इग्नू का अध्ययन केंद्र बनाने के लिए प्रस्ताव भेजा है। मंजूरी मिलने के बाद छात्र बीयू की लैब का उपयोग कर सकेंगे। इग्नू ने इस साल से साइंस में पीजी कोर्स शुरू किए हैं। इसमें एमएससी बॉयोकेमिस्ट्री, एमएससी एनालिटिकल केमिस्ट्री, एमएससी जूलॉजी और एमएससी केमिस्ट्री कोर्स शामिल हैं। इन सभी कोर्स में अभ्यर्थी ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) मोड से पढ़ाई कर सकते हैं।



## पुस्तकालय को समाज का अभिन्न हिस्सा बनाएं : सीएम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पुस्तकालयों के आधुनिकीकरण, स्वचालन, नेटवर्किंग, डिजिटलीकरण, ग्रीन लाइब्रेरी और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में पुस्तकालय के महत्व जैसे विषयों पर चिंतन और विचार विमर्श जरूरी है। इससे पुस्तकालयों के आधुनिकीकरण और समसामयिक शिक्षा प्रणाली में उनकी उपयोगिता बनाए रखने का मार्ग प्रशस्त होगा। सूचना प्रौद्योगिकी के कारण बदलते परिवेश में पुस्तकालय समाज में ज्ञान के स्त्रोत की भूमिका निरंतर निभाते रहें, इसके लिए जरूरी है कि हम सभी पुस्तकालयों को समाज का अभिन्न हिस्सा बनाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन द्वारा बदलते शैक्षणिक एवं सामाजिक परिवेश में लाइब्रेरी की भूमिका और चुनौतियां विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस के शुभारंभ सत्र को मंत्रालय से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे।

**मेट्रो एंकर** | हेल्प सेंटर पर दस्तावेजों का करना होगा सत्यापन

## बीएड कॉलेजों में प्रवेश के लिए अतिरिक्त चरण के तहत पंजीयन की आज अंतिम तिथि

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बीएड कॉलेजों में नेशनल काउंसिल फार टीचर एजुकेशन (एनसीटीई) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अतिरिक्त चरण के तहत नए पंजीयन 23 अगस्त तक होंगे। इसी दौरान हेल्प सेंटर पर दस्तावेजों का सत्यापन भी होगा। साथ ही दूसरे अतिरिक्त चरण में आवंटन के लिए पंजीकृत अप्रवेशित एवं नए पंजीकृत आवेदक फिर से शिक्षण संस्थाओं का चयन भी कर सकेंगे। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किए हैं। जारी अधिसूचना के अनुसार बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड, बीएबीएड सहित बीएड पार्ट टाइम तीन वर्षीय पाठ्यक्रमों के साथ ही राज्य शिक्षा केंद्र के बीएड संस्थानों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग का दूसरा अतिरिक्त चरण 21 अगस्त से एक सितंबर तक जारी रहेगा। इसके तहत मेरिट सूची 24 अगस्त को जारी होगी।

**अतिरिक्त चरण में सीट आवंटन 29 से 31:** वरीयता अनुसार अतिरिक्त चरण में सीट आवंटन 29 से 31 अगस्त तक होगा। शुल्क का भुगतान 29 अगस्त तक होगा। वहीं हेल्प सेंटर पर दस्तावेजों का पुनः सत्यापन और मूल टीसी जमा करने की अंतिम तारीख एक सितंबर तक है।

### द्वितीय और तृतीय वर्ष के एक लाख से अधिक छात्रों का नहीं हो सका प्रवेश



विश्वविद्यालयों ने अब तक यूजी-पीजी प्रथम और द्वितीय वर्ष के रिजल्ट जारी नहीं किए हैं। इस कारण विद्यार्थियों का अगली कक्षा में प्रवेश नहीं हो सका है। उच्च शिक्षा विभाग ने एक बार फिर प्रवेश के लिए कॉलेजों का 15 दिन का समय दिया है। विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रमोट करने के लिए अब तक विभाग तीन बार तारीख बढ़ा चुका है। इस दौरान करीब 2 लाख विद्यार्थियों के प्रवेश का काम पूरा हो चुका है। एक लाख से अधिक विद्यार्थी अब भी लाइन में हैं। पूर्व में प्रवेश नवीनिकरण के बिना ही छात्रों को अगली कक्षा में प्रमोट कर दिया जाता था, लेकिन उच्च शिक्षा विभाग ने अब यूजी द्वितीय और तृतीय वर्ष एवं पीजी सेकंड और थर्ड सेमेस्टर के छात्रों के प्रवेश अनिवार्य किए हैं।



## संपादकीय

# नई तस्वीर बनाने का सही वक्त

जम्मू-कश्मीर की अवाम के पास अब मौका है बेहतर भविष्य व सुरक्षित जिंदगी चुनने का। वह मत के जरिये इन दोनों विकल्पों का चुनाव कर सकते हैं। अगले महीने जब यहां विधानसभा चुनाव के तहत वोट डाले जायेंगे तो न सिर्फ इस राज्य में लंबे अरसे के बाद राजनीतिक प्रक्रिया की बहाली होगी,बल्कि सामाजिक तौर पर बदलाव का भी दौर आयेगा। सर्वोच्च न्यायालय ने भी कहा था कि तीस सितंबर तक वहां चुनाव करा लिए जाएं। अब निर्वाचन आयोग ने तीन चरण में वहां चुनाव कराने की घोषणा कर दी है। लंबे समय बाद वहां इतने कम चरण में चुनाव होंगे। परिसीमन का काम पिछले वर्ष ही पूरा कर लिया गया था, जिसमें तीन नई सीटें जुड़ गई थीं। अब वहां भी नब्बे सीटें हो गई हैं। हालांकि परिसीमन को लेकर वहां के राजनीतिक दलों ने गहरा असंतोष व्यक्त किया था और उनका आरोप था कि उनसे सुझाव नहीं लिया गया। मगर अब वह असंतोष थम गया लगता है। हालांकि अभी इस राज्य में आतंकवाद ने भी सिर उठाया हुआ है। इसके खिलाफ अभियान के संदर्भ में सरकार के दावे चाहे जो हों, हकीकत वैसी नहीं है। आतंकवादियों के हमले में सुरक्षा बलों के जवान और अधिकारी शहीद हो रहे हैं। गौरतलब है कि सोमवार को उधमपुर में आतंकियों ने नियमित गश्ती पर निकली सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त टुकड़ी पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें एक इंस्पेक्टर की जान चली गई। इससे एक बार फिर यही जाहिर हुआ है कि राज्य में आज भी आतंकवादी संगठनों का दंश देश के सुरक्षा बलों को झेलना पड़ता है। पिछले हफ्ते चौदह अगस्त को भी सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में सेना का एक अधिकारी शहीद हो गया था। इससे पहले डोडा में मुठभेड़ के दौरान एक कप्तान सहित पांच जवान शहीद हो गए थे। पिछले चार महीने में बीस जवान शहीद हो चुके हैं। जम्मू क्षेत्र आमतौर पर कई वर्षों से कश्मीर की अपेक्षा ज्यादा शांत रहा है। मगर बीते कुछ समय से इसके कुछ इलाकों में भी आतंकी गतिविधियां बड़ी हैं। हालांकि पिछले कुछ समय से आतंकी हमलों में तेजी का एक कारण यह भी हो सकता है कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा की आहट थी और अब यह हो भी चुकी है। लोकसभा चुनावों में मतदान के रुझान से विधानसभा चुनावों में भी लोगों के बढ़-चढ़ कर भाग लेने की उम्मीद बन रही है। अगर राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूती मिलती और उसमें जन-भागीदारी बढ़ती है, तो यह आतंकवाद में लगे गिरोहों के लिए एक प्रतिकूल स्थिति होगी। इसलिए आए दिन सुरक्षा बलों पर या फिर रोजी-रोटी की उम्मीद में बाहर से वहां गए प्रवासी लोगों पर लक्षित हमले करके जम्मू-कश्मीर में शांति और सहजता की स्थिति को भंग करने की कोशिश की जाती है। किसी भी राज्य को लंबे समय तक लोकतांत्रिक प्रक्रिया से दूर रखने से वहां के विकास कार्यों पर तो बुरा असर पड़ता ही है, नागरिकों का लोकतंत्र पर भरोसा भी कमजोर होने लगता है। इसलिये अब जबकि राजनीतिक प्रक्रिया शुरू हो चुकी है तो सरकार को आतंकियों के खिलाफ अभियानों की रणनीति तय करते हुए इस पहलू को भी ध्यान में रखना होगा कि स्थानीय लोगों के बीच आतंकवाद के खिलाफ जो राय बन रही है, उसे मजबूत किया जाए, राज्य में मौजूद अलगाववादियों को अलगथलग किया जाए। इससे सुरक्षाबलों को भी संबल मिलेगा और राज्य की सामाजिक,आर्थिक व राजनीतिक प्रक्रिया मजबूत होती जाएगी। किसी भी राज्य को लंबे समय तक लोकतांत्रिक प्रक्रिया से दूर रखने से वहां के विकास कार्यों पर तो बुरा असर पड़ता ही है, नागरिकों का लोकतंत्र पर भरोसा भी कमजोर होने लगता है।

# जलवायु परिवर्तन से पीने योग्य नहीं रहेगा भूजल

■ मुकुल व्यास



दुनिया में लगभग हर चार में से एक व्यक्ति जीवित रहने के लिए पृथ्वी की सतह के नीचे मौजूद जलाशयों पर निर्भर है क्योंकि साफ पानी की झीलों, नदियों और बांधों तक सभी लोगों की पहुंच नहीं है। वैज्ञानिकों ने चेताया है कि सदी के अंत तक लाखों लोग पानी की इस मामूली आपूर्ति से भी वंचित हो सकते हैं क्योंकि बढ़ते तापमान के कारण उथले भूजल के विषाक्त होने का खतरा है। शोधकर्ताओं की एक अंतर्राष्ट्रीय टीम ने वैश्विक तापमान वृद्धि के विभिन्न परिदृश्यों के तहत दुनिया भर में भूजल स्त्रोतों के तापमान परिवर्तनों को सटीक संख्या में बताने के लिए ऊष्मा परिवहन का एक विश्व-स्तरीय मॉडल विकसित किया है। सबसे खराब स्थिति में, 2100 में लगभग 59 करोड़ लोग ऐसे जल स्त्रोतों पर निर्भर हो सकते हैं जो पीने योग्य पानी के लिए सबसे कड़े मानकों को पूरा नहीं करते हैं। इस समय गर्मी की लहरें, बर्फ की पिघलती हुई टोपियां और समुद्रों का बढ़ता स्तर नियमित रूप से सुर्खियां बटोर रहे हैं। लेकिन हमारा ध्यान भूमि पर ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों की तरफ नहीं जाता।

जलवायु परिवर्तन पर चर्चा करते हुए हमारा फोकस मौसम की घटनाओं और पानी की उपलब्धता पर रहता है। लेकिन हमें भूजल पर पड़ने वाले जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के बारे में अधिक व्यापक रूप से सोचने की आवश्यकता है। यह सच है कि हमारे पैरों के नीचे की चट्टान और मिट्टी की परतें समुद्री जल की गर्मी को अवशोषित करने की क्षमता से मेल नहीं खाती हैं। फिर भी,यह आश्चर्यजनक है कि भूजल के गर्म होने के परिणामों पर इतना कम ध्यान दिया गया है, खासकर जब पानी की कमी और रिचार्ज (पुनर्भरण) दर पर इतनी अधिक चर्चा होती है। सतह के ठीक नीचे छिद्रपूर्ण चट्टानों के भीतर फंसा पानी घुले हुए खनिजों, प्रदूषकों और संभावित रोगजनकों से भरा हो सकता है। लेकिन बहुत बड़ी आबादी के समक्ष इस प्रदूषित जल पर निर्भर रहने के सिवाय और कोई विकल्प नहीं है। इन भूमिगत जलाशयों को सिर्फ़ एक या दो डिग्री गर्म करने से परिणाम भयावह हो सकते हैं। इससे पर्यावरण में ऑक्सीजन की कमी हो सकती है और खतरनाक बैक्टीरिया के विकास को बढ़ावा मिल सकता है,या आर्सेनिक और मैंगनीज जैसी भारी धातुओं की अत्यधिक मात्रा पानी मे घुल सकती है।

इस अध्ययन की मुख्य लेखिका और जर्मनी के कार्लश्रु इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की भू-विज्ञानी सुजैन बेंज के अनुसार दुनिया मे पहले से ही लगभग 3 करोड़ लोग ऐसे क्षेत्रों में रह रहे हैं,जहां भूजल पीने के पानी के सख्त दिशा-निर्देशों में निर्धारित तापमान से ज्यादा गर्म है। इसका मतलब है कि बिना ट्रीटमेंट के वहां का पानी पीना सुरक्षित नहीं है। आसपास पर्याप्त आकार के सतही जलाशयों वाली आबादी के लिए भी गर्म भूजल उन प्रमुख कारकों को बदल सकता है जो पानी को मानव उपभोग के लिए सुरक्षित रखते हैं। 7.7 करोड़ से 18.8 करोड़ लोगों के ऐसे क्षेत्र में रहने का अनुमान है जहां भूजल 2100 तक पीने योग्य मानकों को पूरा नहीं कर पाएगा। इस अध्ययन के नतीजे बताते हैं कि भूजल की रक्षा के लिए कार्रवाई करना और भूजल पर जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभाव का मुकाबला करने के लिए स्थायी समाधान खोजना कितना आवश्यक है।

इस बीच, जलवायु परिवर्तन से संबंधित एक अन्य अध्ययन में वैज्ञानिकों ने दुनिया में मीथेन उत्सर्जन में वृद्धि पर चिंता व्यक्त की है। रिकॉर्ड तोड़ गर्मी, लोगों की गिरती सेहत, गायब होती बर्फ की चादरों और अप्रत्याशित मौसम के रूप में जलवायु परिवर्तन की बड़ी चेतावनियां हमें लगातार मिल रही हैं। फिर भी हम वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों की बढ़ती मात्रा को उत्सर्जित कर रहे हैं। इससे हमारा अस्तित्व खतरे में पड़ रहा है। विशेषज्ञों की एक अंतर्राष्ट्रीय टीम द्वारा किए गए एक नए अध्ययन में बताया गया है कि 2006 से वैश्विक मीथेन उत्सर्जन बढ़ रहा है। 2020 से इसमें तेजी आई है। यदि हम बहुत जल्द कुछ कठोर कदम नहीं उठाएंगे तो उत्सर्जन की यह प्रवृत्ति जारी रहेगी।

नए अध्ययन के शोधकर्ताओं ने मीथेन उत्सर्जन रोकने के लिए रणनीतियां तैयार की हैं जिनका उपयोग विभिन्न देश उचित कार्रवाई करने के लिए कर सकते हैं। इसमें मदद करने के लिए उन्होंने एक ऑनलाइन टूल भी विकसित किया है। शोधकर्ताओं का कहना है कि मीथेन उत्सर्जन में यह निरंतर वृद्धि मुख्य रूप से जीवाश्म ईंधन के लगातार उपयोग के कारण है। मीथेन सीधे तेल,गैस और कोयले की ड्रिलिंग और प्रोसेसिंग द्वारा उत्पादित होती है। अब एक नई बात यह है कि गर्म जलवायु के कारण प्राकृतिक आर्द्रभूमि से मीथेन का बढ़ता उत्सर्जन ग्रीनहाउस गैसों में वृद्धि कर रहे हैं। लैंडफिल, पिघलते हुए पर्माफ्रॉस्ट (स्थायी तुषार भूमि) और पशुधन से भी मीथेन का उत्पादन होता है। अमेरिका में ड्यूक विश्वविद्यालय के जलवायु विशेषज्ञ ड्रू शिंडेल का कहना है कि फिलहाल इन स्त्रोतों से उत्सर्जन में योगदान मामूली है। हालांकि इन पर भी बारीकी से नज़र रखने की जरूरत है।

शोधकर्ताओं ने अपने पेपर में लिखा है कि जलवायु परिवर्तन को सीमित करने के लिए दुनियाभर के प्रयास मुख्य रूप से कार्बन डाइऑक्साइड पर केंद्रित हैं। चूंकि मानव जाति कई दशकों से जलवायु परिवर्तन को पर्याप्त रूप से निपटने में विफल रही है, इसलिए अब वार्मिंग को तय लक्ष्यों से नीचे रखने के लिए हमें सभी प्रमुख जलवायु प्रदूषकों पर अंकुश लगाने पड़ेंगे। इस समय हमारे वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में मीथेन की मात्रा बहुत कम है,लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि मीथेन एक अधिक शक्तिशाली ग्रीन हाउस गैस है। हम जानते हैं कि दुनिया के गर्म होने में मीथेन का भी एक बड़ा योगदान है जो कार्बन डाइऑक्साइड की तरह ही गर्मी को कैद करती है। यह जमीन पर ओजोन के निर्माण में भी योगदान देती है, जिससे श्वसन संबंधी बीमारियों और हृदय रोगों के कारण मृत्यु का जोखिम बढ़ जाता है।

अध्ययन में पाया गया है कि इन सभी मीथेन स्त्रोतों पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। कार्बन डाइऑक्साइड में कमी लाने के लक्ष्यों के साथ-साथ मीथेन में कमी के लक्ष्यों को भी लागू किया जाना चाहिए। इसके लिए नई प्रौद्योगिकियों और नीतियों को लागू करने की आवश्यकता है। शोधकर्ताओं ने लिखा है कि इस दशक में मीथेन उत्सर्जन में तेजी से कमी लाना निकट भविष्य में गर्मी को धीमा करने और कम वार्मिंग के कार्बन बजट को पहुंच के भीतर रखने के लिए आवश्यक है। कार्बन बजट से अभिप्राय प्रति व्यक्ति कार्बन डाइऑक्साइड की औसत मात्रा से है, जिसे वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 सेल्सियस तक सीमित रखने के लिए उत्पादित किया जा सकता है।


**-साभार: लेखक विज्ञान मामलों के जानकार हैं।**

# रवीन्द्रनाथ टैगोर – जिन्होंने कविता और शांति के साथ भारत और चीन को जोड़ा

■ अभिषेक प्रताप सिंह

टैगोर हिमालय के पार यात्रा कर चुके थे और शायद वे आधुनिक भारतीय विचारकों में से पहले थे जिन्होंने 20वीं सदी की शुरुआत में भारत और चीन के बीच लंबे समय से चले आ रहे 'सभ्यतागत संबंधों' के महत्व को संजोया था। गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर का जन्म 7 मई 1861 को हुआ था और वे भारतीय साहित्य के प्रतीक और अंतर-एशियाई एकजुटता और पैन-एशियाई सहयोग के प्रबल समर्थक थे. इस महीने जब हम उनकी जयंती मना रहे हैं, तो यह समझना महत्वपूर्ण है कि उन्होंने चीन और भारत की दो महान सभ्यताओं के बीच परस्पर लाभकारी इंटरएक्टिव संबंधों में विश्वास किया। 1932 में लिखी गई उनकी एक कविता में उन्होंने कहा था, महान सुबह, जो सभी के लिए है, पूर्व में दिखाई देती है; आइए इसकी रोशनी हमें एक-दूसरे को प्रकट करे जो तीर्थयात्रा के समान मार्ग पर चलते हैं। टैगोर की चीन की समझ के कुछ प्रमुख पहलू हैं, जो दोनों देशों के समकालीन विद्वानों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं.

पहली बात, की चीन जाने से पहले ही उनका काम वहां के विद्वानों में रुचि और मान्यता प्राप्त कर चुका था. टैगोर के भाषण, लेखन और चीन की यात्रा को प्रसिद्ध साहित्यिक विद्वान सुन यिक्सुए ने अच्छी तरह से दर्ज किया है, जिन्होंने देखा कि टैगोर विश्व-बचाव और मसीहाई संदेश के साथ चीन आए थे। 1924 में उनकी यात्रा से पहले ही, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चीन (सीपीसी) के संस्थापक सदस्यों में से एक चेन डुशियू ने उनके सबसे उल्लेखनीय कार्य गीतांजलि का चीन की भाषा (मंदारिन) में अनुवाद कर लिया था. उनकी कविता, द क्रिसेंट मून, भी इसी समय के आसपास चीन



की पत्रिकाओं में अनूदित और प्रकाशित हुई थीं. टैगोर की कहानी काबुलीवाला कम से कम छह बार चीन में प्रकाशित हुई। दूसरा, टैगोर ने 1924 और 1928 में अपनी दो यात्राओं के दौरान गहरी छाप छोड़ी. पहली यात्रा मई फोर्थ मूवमेंट के दौरान बीजिंग लेक्चर एसोसिएशन के निमंत्रण पर हुई थी. इस समय, भारत भी औपनिवेशिक प्रतिरोध से बाहर आ रहा था. उनके जन्मदिन को चिह्नित करने के लिए बीजिंग नॉर्मल विश्वविद्यालय में, युवा चीनी अभिनेताओं ने अंग्रेज़ी में उनके नाटक चित्रा का मंचन किया।अपने भाषणों के दौरान, उन्होंने भारत और चीन जैसी विभिन्न एशियाई संस्कृतियों के बीच करीबी बातचीत के सच्चे गुणों पर जोर दिया।

तीसरे, जब 21वीं सदी में एशिया की वैश्विक स्थिति को फिर से स्थापित किया जा रहा है, तो यह याद रखना चाहिए कि टैगोर एशियाई सार्वभौमिकता÷ के सबसे रचनात्मक प्रतिपादकों में से एक थे और उन्होंने एशियाई पहचान का प्रचार किया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्पति शी जिनपिंग द्वारा उल्लेखित एशियाई सेंचुरी का विजन टैगोर के एशियाई सार्वभौमिकता की भावना

**टैगोर हिमालय के पार यात्रा कर चुके थे और शायद वे आधुनिक भारतीय विचारकों में से पहले थे जिन्होंने 20वीं सदी की शुरुआत में भारत और चीन के बीच लंबे समय से चले आ रहे सभ्यतागत संबंधों के महत्व को संजोया था**

को पुनर्जीवित करता है. टैगोर ने इसे एशियाई संस्कृतियों और मूल्यों के प्रवाह की एक गतिशील प्रक्रिया के रूप में और एक ऐसी प्रक्रिया के रूप में बात की थी जिसमें राष्ट्रीय सीमाएं तरल होती हैं।1916 में चीन की पत्रिका डोंगफांग ज़ाझी ने जापान में दिया गया टैगोर का भाषण प्रकाशित किया, जिसमें आधुनिक पश्चिमी सभ्यता और इसके भौतिकवाद की उनकी तीव्र आलोचना का उल्लेख किया गया था. राष्ट्वाद पर टैगोर की आलोचना उनके औपनिवेशिक विरोधी विचारों और देशभक्ति कविता का एक अच्छा संयोजन था. उनके विचार में भारत और चीन के बीच कोई मौलिक विरोधाभास नहीं था, क्योंकि दोनों ने वसुधैव कुटुंबकम (विश्व एक परिवार है) और शिजीए दातोंग (सामंजस्य में विश्व) की भावना में सामंजस्यपूर्ण विकास की अवधारणा पर जोर दिया। चौथे, टैगोर के विचार और दृष्टिकोण, शांतिपूर्ण विश्व व्यवस्था की स्थापना के लिए महत्वपूर्ण हैं. उन्होंने दक्षिण पूर्व एशिया के अपने दृष्टिकोण पर तीन प्रमुख विशेषताओं पर जोर दिया. उन्होंने किसी भी प्रकार के सैन्य आक्रमण की भूमिका को कम कर दिया और राष्ट्रों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान की भूमिका को उजागर किया, आधुनिक राष्ट्र-राज्य की किसी भी प्रकार की समझ की आलोचना की और दूसरों से सांस्कृतिक अदान प्रदान की अनुमति दी। उन्होंने दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के इतिहास और संस्कृति में भारतीय सभ्यता और मूल्यों की केंद्रीयता पर भी ध्यान देने की बात कही. एक खुला, शांतिपूर्ण और आर्थिक रूप से एकीकृत और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध दक्षिण पूर्व एशिया का विचार टैगोर की दृष्टि को अच्छी तरह से दर्शाता है और हर राष्ट्र के लिए मार्गदर्शक भावना बनाता है। अंत में, भारत में चीनी अध्ययन के विकास में टैगोर की भूमिका अतुलनीय थी। बंगाल में एक अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय, विश्व-भारती की स्थापना, पहले भारत-चीन सांस्कृतिक समाज का गठन और शांति निकेतन में चीनी विभाग (चीना भवन) की स्थापना मील का पत्थर थीं. तन युन-शान जैसे कई विद्वानों ने चीनी सभ्यता और इसके आधुनिक विकास की आधुनिक भारत की समझ में बहुत योगदान दिया. यह अभी भी भारत में शोध कर रहे चीनी विद्वानों के लिए एक बौद्धिक तीर्थ स्थान है। पेकिंग विश्वविद्यालय के प्रोफेसर वांग बांगवेई ने टैगोर को एक भारतीय ऋषि, एक एशियाई ऋषि और एक विश्व ऋषि कहा. उनके लिए, पश्चिम में भौतिकवादी लाभ की पागल खोज के विपरीत, अध्यात्म एशिया की सभ्यताओं की सबसे बड़ी संपत्ति है, जबकि टैगोर को चीन की प्रतिक्रियावादी ताकतों से उचित मात्रा में आलोचना मिली, दिवंगत जी जियानलिन, पद्म भूषण, ने देखा कि टैगोर भारत-चीन मित्रता के प्रतीक और अग्रदूत थे।

*(लेखक देशबंधु कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं) :साभार*

जो कविता का विकास होता है, वो रचना की अपनी शर्तों पर होता है।
- शमशेर बहादुर सिंह

## निशाना

### बाकी मुद्दे गौड़ हुए !



जाति जाति चिल्ला कर ।
कर रहे सब काम ।।
बाकी मुद्दे गौड़ हुए ।
अब असली पैग़ाम ।।
गली अगर ना दाल तो ।
है पुनः विश्राम ।।
कर सब कुछ प्रयोग ।
हैं रहे नाकाम ।।
करने को सब सार्वजनिक ।
मन इनका ललचाया ।।
है फ़िलहाल महफ़िल ।
सत्ता की सब माया ।।
होगा कितना कारगर ?
पकड़ा जो हथियार ।।
लगता विघ्न आनी हैं ।
अड़चनें हज़ार ।।

- **कृष्णेन्द्र राय**

## आज का इतिहास

- 1305 एक शो परीक्षण के बाद, स्कॉटिश स्वतंत्रता के युद्धों के दौरान इंग्लैंड के खिलाफ प्रतिरोध के नेता विलियम वालेस को लंदन के स्मिथफील्ड मार्केट में निष्पादित किया गया था।
- 1514 ओटोमन बलों ने पूर्वी अनातोलिया और उत्तरी इराक पर नियंत्रण हासिल करने के लिए, अचलादिरन के युद्ध में सफाविद को हराया।
- 1572 सेंट बार्थोलोमेव दिवस हत्याकांड, हुगोनॉट्स के खिलाफ कैथोलिक भीड़ की एक लहर शुरू हुई, अनुमानित रूप से पूरे फ्रांस में हजारों लोगों की मौत हुई।
- 1650 जनरल जॉर्ज मॉन्क ने इंग्लैंड की न्यू मॉडल आर्मी में कोल्डस्ट्रीम गार्ड्स के पूर्ववर्ती मॉन्क रेजिमेंट ऑफ फुट की स्थापना की, जो रेजिमेंट को निरंतर सेवा में नियमित सेना में सबसे पुराना बना देता है।
- 1711 एडमिरल होवेंदें वॉकर सेंट लॉरेंस पहुंचे।
- 1762 फ़्रांस के प्रसिद्ध कवि और साहित्यकार आंद्रे शनीये का जन्म हुआ।
- 1839 जैसा कि यह चीन के किंग राजवंश के खिलाफ युद्ध के लिए तैयार किया गया था, एक आगामी अफीम युद्ध के रूप में जाना जाता है, ब्रिटेन ने हांगकांग के पासपोर्ट पर कब्जा कर लिया।
- 1850 वॉर्सेस्टर के मैसाचुसेट्स में पहली अमेरिकी राष्ट्रीय महिला अधिकार सम्मेलन आयोजित किया गया।
- 1853 सबसे पहला वास्तविक अंतरराष्ट्रीय मौसम संगठन ब्रसेल्स बेल्जियम में स्थापित किया गया।
- 1866 प्राग की संधि ओस्ट्रो-प्रशियाई युद्ध समाप्त किया
- 1873 लन्दन में टेम्स नदी पर फैले अल्बर्ट ब्रिज को खोला गया।
- 1896 आधुनिक काल के क्रिज़ोन शहर में आंद्रेस बोनिफेसियो और उनके काटिपुन्न कामरेड ने फिलीपीन क्रांति की शुरुआत को चिह्नित करते हुए स्पेनिश शासन के खिलाफ विद्रोह किया।

# देर रात हुई अचानक तेज बारिश से लोगों को मिली राहत

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

बारिश की बेरुखी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि लगते ही असाड़ और सावन दोनों ही महीने लगभग लगभग बारिश कम ही हुई हैं छुटपुट वर्षा होने के कारण आसपास के क्षेत्र में गर्मी जैसा माहौल है। गर्मी और उमस से लोग इस कदर बेहाल है कि उन्हें कुलर पंखों का सहारा लेना पड़ रहा है लेकिन बीती रात अचानक हुई तेज बारिश से लोगों ने राहत की सांस ली तो वही किसानों की सुख रही फसलों के लिए भी वरदान साबित होगी। बही पाठक चौक पर सड़कों के ऊपर से पानी बह कर निकल गया तेज हवा और आंधी के साथ आए इस पानी से नगर की अधिकतर सड़के जलमग्न हो गई।



# छात्र-छात्राओं के निशुल्क परिवहन के लिए बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

सिवनी मालवा के शासकीय सीएम राइस विद्यालय सिवनी मालवा में छात्र छात्राओं के लिए निःशुल्क परिवहन बसे प्रारम्भ की गई। जिसमें आस पास ग्रामों से छात्र छात्राओं को विद्यालय मैं लाने लेजाने की निः शुल्क सुविधा रहेगी। बस परिवहन को नगर पालिका अध्यक्ष रीतेश जैन, विधायक प्रधिनिधि विक्रम सूर्यवंशी, नगर पालिका उपाध्यक्ष शैलेन्द्र गौर, विकास खण शिक्षा अधिकारी एसएस रघुवंशी बीआरसी संगीता यादव संस्था प्राचार्य एसएल रघुवंशी ए एस राजपूत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना गया।




# हरिशंकर परसाई जन्म शताब्दी समारोह का समापन

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई के जन्म शताब्दी वर्ष का समापन समारोह आज उनकी जन्मस्थली जमानी में हुआ। व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई का यह जन्मशताब्दी वर्ष था। कार्यक्रम में हरदा जिले के टिमरनी कस्बे से एक सांस्कृतिक यात्रा रहटगांव, सिवनी मालवा और बानापुरा होते हुए जमानी पहुंची। इस मौके पर विवेचना रंगमंडल, जबलपुर द्वारा परसाई की कहानियों पर केंद्रित नाटक का मंचन भी किया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो अपूर्वानंद, दिल्ली विश्वविद्यालय एवं प्रख्यात आलोचक, विचारक ने संबोधित करते हुए कहा कि परसाई ने एक आम आदमी की दृष्टि से किसी भी राजनीतिक विचारधारा को नहीं बख्शा। चाहे वे मोरारजी देसाई रहे हों, जयप्रकाश नारायण रहे हों या फिर कम्युनिष्ट। प्रो.अपूर्वानंद ने उपस्थित जन से कहा कि आजादी के भारत को समझना है तो मुंशी प्रेमचंद को पढ़ें, और आजादी के बाद में भारत को साहित्य और कविता की दृष्टि से समझना है तो क्रमशः परसाई और बाबा नागार्जुन को पढ़ें। उन्होंने कहा कि मनुष्य को हमेशा सहानुभूति की दृष्टि से तथा सत्ता को संदेह की दृष्टि से देखना चाहिए, यह परसाई के अवलोकन का तरीका है। उन्होंने कहा कि वे परसाई को व्यंग्यकार कम लेखक अधिक मानते हैं।



राजेन्द्र शर्मा, पूर्व संपादक, वसुधा एवं राज्य अध्यक्ष, प्रगतिशील लेखक संघ, राजीव कुमार शुक्ल, पूर्व निर्देशक, आकाशवाणी, वरिष्ठ कवि कुमार अंबुज, प्रख्यात कवि, परसाई सम्मान से विभूषित कहानीकार, शैलेन्द्र कुमार शैली, वरिष्ठ कवि और पूर्व महासचिव, तरुण गुहा नियोगी, महासचिव, प्रगतिशील लेखक संघ, अनीस कुमार, राष्ट्रीय संयोजक, एकता परिषद, प्रो रेखा कस्तवार, वरिष्ठ कहानीकार, शिवशंकर मिश्र सरस प्रख्यात बघेली कवि, प्रकाश दुबे जबलपुर, सेवानिवृत्त आईएएस टीआर मीणा सहित सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने श्री परसाई के स्मारक पर जाकर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. कश्मीर सिंह उप्पल ने नर्मदापुरम जिले को साहित्य की त्रिवेणी बताते हुए कहा कि यहां माखनलाल चतुर्वेदी, पं. भवानी प्रसाद मिश्र और हरिशंकर परसाई जैसी साहित्यिक विभूतियों ने जन्म लिया है। स्वागत भाषण हेमंत दुबे ने दिया। संचालन सत्यम सागर ने तथा आभार प्रदर्शन तरुण गुहा नियोगी ने किया। आयोजन स्थल पर बालेन्दु परसाई बाप की एक प्रदर्शनी भी लगायी गयी, जिसे काफी सराहा गया। राजेश दुबे ने परसाई के साहित्य पर कार्टून प्रस्तुत किये गये। शेडो आर्गनाइजेशन टिमरनी ने कबीर के भजन प्रस्तुत किये। हायर सैकंड्री स्कूल की टीम ने भोलाराम सजीव की प्रस्तुति दी। ग्राम पंचायत जमानी की ओर से सेवानिवृत्त आईएएस टीआर मीणा को परसाई का साहित्य भेंट किया गया।

इस अवसर पर आयोजन समिति से श्रीमती कला बाई कमरे सरपंच ग्राम पंचायत जमानी, हेमन्त कुमार दुबे संयोजक, स्थानीय आयोजन समिति प्रो सेवाराम त्रिपाठी, अध्यक्ष तरुण गुहा नियोगी, महासचिव सत्यम सत्येन्द्र पाण्डेय, संयोजक, परसाई जन्मशताब्दी समापन समारोह समिति, अश्वनी दुबे, पवन दुबे, आरडी चौधरी, पंकज दीवान, आलोक दुबे, अश्विन जोसेफ, प्रशांत, राकेश दुबे, ग्राम सेवा समिति से रूपसिंह राजपूत, राजेश सामले के अलावा निर्मल शुक्ला, गर्ल्स कालेज इटारसी के प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा, कवि डॉ. श्रीराम निवारिया, एमजीएम कालेज इटारसी से प्रो. मनीष चौधरी, प्रो. संतोष अहिरवार, कुसुम कालेज से रामशंकर सहित छात्र-छात्राएं, टिकरनी कालेज से विद्यार्थी सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

### भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान की सफलता को दिखाती प्रदर्शनी का डॉ.सीतासरन शर्मा ने किया उदघाटन

# अंतरिक्ष विज्ञान में कॅरियर के लिए एसडीएम ने बच्चों को किया प्रेरित

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

तालियों की गड़गड़ाहट के बीच चंद्रयान -3 के 1 मीटर आकार का विक्रम लैंडर का मॉडल आकाश से उतरता दिखा , इसमें लगे छोटे रॉकेट जलते हुये प्रयोग की रोचकता को बढा रहे थे । साउंड इफेक्ट वास्तविक रॉकेट का अहसास करा रहा था । 35 सेकंड बाद प्रायोगिक लैंडर शिवशक्ति पाइंट पर उतरा । इसके साथ ही भारतीय वैज्ञानिकों की सफलता को दर्शक बच्चों तथा अतिथियों की तालियों के साथ याद किया गया । इस चलित मॉडल के साथ अनेक नवाचारी अंतरिक्ष मॉडल की स्पेस एक्जीबीशन का आयोजन इटारसी में वैज्ञानिक जागरूकता के लिये कार्यरत राजेश पाराशर द्वारा किया गया ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने सॉफ्ट लैंडिंग के प्रयोग के साथ इस प्रदर्शनी की शुरूआत की । इसके बाद बच्चों के साथ प्रदर्शनी अवलोकन कर उन्होंने प्रथम यात्री के चंद्रमा पर पहुंचने से लेकर भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा के बारे में अपने स्वयं के अनुभवों को बच्चों को बताया । विगत एक दशक में भारतीय अंतरिक्ष सफलता को बताते हुये बच्चों को स्पेस साइंस के लिये प्रेरित किया । विशेष अतिथि इटारसी नगर पालिका अध्यक्ष श्री पंकज चौरे ने बच्चों के साथ गगनयान तथा इसरो की अन्य



प्रस्तावित योजनाओं की चर्चा की । कार्यक्रम के द्वितीय चरण में विशेष अतिथि इटारसी एसडीएम टी प्रतीक राव ने कल्पना चावला, सुनीता विलियम्स जैसे भारतीय मूल के अंतरिक्ष यात्रियों के बारे में छात्राओं को जानकारी दी , इसके साथ ही स्पेस संबंधी अन्य पहलुओ के बारे में बच्चों के साथ प्रदर्शनी देखते हुये चर्चा की ।

कार्यक्रम के मुख्य आयोजक राजेश पाराशर ने कहा कि वर्तमान में यह कहावत सत्य सिद्ध हो रही है कि उपर वाला देख रहा है । आज अंतरिक्ष मे स्थापित सेटेलाईट पृथ्वी की हर गतिविधि पर नजर रखते हुये बैंकिग, संचार, मौसमविज्ञान, खनिज सर्वेक्षण , ऑनलाईन गतिविधियों में मददगार हो रहे हैं ।

चंद्रयान -3 की सफलता पर भारत सरकार द्वारा घोषित नेशनल स्पेस डे के अंतर्गत आयोजित इस प्रदर्शनी में इसरो के योगदान को दर्शाया गया । इसमें विभिन्न रॉकेट, आदित्य एल-1 मिशन , मौसम और संचार उपग्रह, गगनयान, व्योममित्र के मॉडल रखे गये थे। इनमें रोवर के चलित मॉडल भी चहलकदमी कर रहे थे ।

प्रदर्शनी की जानकारी देते हुये एम एस नरवरिया ने कहा कि प्रायोगिक रूप देकर रोचक बनाते हुये इस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । प्रदर्शनी में अनिल सिंह , अंकित नरवरिया, कैलाश पटेल ने सहभागिता की । ईश्वर सभागार में आयोजित इस प्रदर्शनी में रेनबो स्कूल, महावीर जैन स्कूल के साथ अन्य स्कूली बच्चे शामिल हुये ।

# ग्रामीणों ने की स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग, आए दिन हो रही है दुर्घटनाएं

**सिवनी मालवा।** ग्राम पंचायत बराखड कलां एवं गाजनपुर के नागरिकों द्वारा हरदा नर्मदापुरम बायपास मार्ग पर स्पीड ब्रेकर बनाने को लेकर नायब तहसीलदार नितिन राय और लोक निर्माण विभाग में ज्ञापन सौंपा गया।



ग्रामीणों ने बताया कि हरदा नर्मदापुरम बायपास रोड पर स्पीड ब्रेकर ना होने के कारण वाहन तेज गति से चलते हैं जिसके कारण आए दिन दुर्घटना होती रहती है। पिछले दो महीना में दुर्घटना होने के कारण दो लोगों की मृत्यु हो चुकी है बाईपास से ग्राम बराखड कला की ओर जाने वाली मार्ग पर 300 मीटर की दूरी पर सरस्वती शिशु मंदिर और 500 मीटर की दूरी पर जीव ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों का आवागमन होता रहता है। जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है जिसमें बायपास रोड पर स्पीड ब्रेकर और दोनों साइड के पेड़ की शीघ्र सफाई कराई जाए। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से अभिषेक तिवारी, अलताप लौवंशी, नितेश भारद्वाज, प्रिंस लौवंशी, शिवम् भारद्वाज,रितुराज लौवंशी, संदीप लौवंशी, रोहित गौर,नयन गौर,अमित मालवीय, विनीत लौवंशी,भरत गौर, उमेश लौवंशी, आदित्या लौवंशी,योगेश मालवीय, संतोष लौवंशी, पवन बडकुड, सुनील लौवंशी रहे।

# आवारा पशु गोवंश मुक्त मनाए जाने हेतु पशु पकड़ने के लिए वाहन की सुविधा उपलब्ध कराई गई

**नर्मदापुरम।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मध्य प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में वर्ष 23-24 में आवारा पशु गोवंश मुक्त मनाया जाना है। जनपद पंचायत केसला के सीईओ रंजीत ताराम ने बताया कि इस क्रम में अध्यक्ष जनपद पंचायत केसला गंगाराम कलमे एवं उपाध्यक्ष श्रीमती अर्चना साहू व सभी जनपद सदस्य के सहयोग, गौ माता के प्रति आस्था, आवारा पशु के प्रति वेदना के चलते शासन के निर्देश अनुसार आवारा पशु पकड़ने हेतु वाहन की सुविधा कार्यलय को उपलब्ध कराई गई है। इसके माध्यम से केसला अंतर्गत पड़ने वाले नेशनल हाईवे में निरा आश्रित आवारा पशुओं को निकटतम गौशाला में हस्तांतरित करेंगे ताकि सडक दुर्घटना आदि को टाला जा सके।



**मेट्रो एंकर** — उपमहाप्रबंधक नें तत्काल समस्याओं के निराकरण की बात कही

# बिजली समस्याओं के निराकरण हेतु भारतीय किसान संघ ने की बैठक...

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

भारतीय किसान संघ तहसील इकाई नें बिजली संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु गुर्रा सबस्टेशन में उपमहाप्रबंधक अंकुर मिश्रा के साथ बैठक कर समस्याओं से अवगत कराया । तहसील प्रवक्ता नरेन्द्र गौर नें बताया कि वर्तमान में तहसील क्षेत्र में बारिश का अभाव है,ऐसी स्थिति में बिजली विभाग से ही किसान आशा कर रहा है, कि सिंचाई हेतु पर्याप्त बिजली आपूर्ति हो जाए, लेकिन उसमें समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिसके निराकरण हेतु डीई श्री अंकुर मिश्रा के साथ बैठक की है ।

### ये है समस्याएं

1- किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त 10 घंटे बिजली सुनिश्चित की जाए ।
2- गांवों में घरेलू बिजली की आपूर्ति 24 घंटे सुनिश्चित की जावे ।
3- एग्रीकल्चर फीडर में लोड शेडिंग होती है तो उसके अंतराल की बिजली पृथक रूप से दी जावे।
4- जले हुए ट्रांसफार्मर शीघ्रता से बदले जावे ?
5- समस्त गांवों के घरेलू केबल शीघ्रता से बदले जावे ।
6- निर्माणाधीन सबस्टेशनों का निर्माण कार्य शीघ्रता से किया ? जावे ।
7- गुर्रा सबस्टेशन के अंतर्गत अनेकों गांवों में वोल्टेज की समस्या का निराकरण किया जावे ।

डीई अंकुर मिश्रा नें तत्काल निराकरण हेतु कहा- बैठक में उपमहाप्रबंधक नें तत्काल समस्याओं के निराकरण की बात कही । जले हुए ट्रांसफार्मर शीघ्रता से बदलनें एवं ट्रांसफार्मर्स के भार बढ़ानें का भी किसानों से कहा है ।



### ये रहे उपस्थित

भारतीय किसान संघ की बिजली अधिकारियों के साथ भारतीय किसान संघ जिला सहमंत्री रजत दुबे, तहसील अध्यक्ष श्यामशरण तिवारी,गुर्रा जेई शुभम कुमार,श्रीराम दुबे,मोरसिंह राजपूत, सुभाष साध, सरदार यादव, राजेश साध, बिजली प्रभारी ओपी महालहा, नरेन्द्र गौर, रामस्वरूप चौरे, कमल गालर, जगदीश कुशवाहा,भोलाराम चौरे, सल्लू चौधरी, शिवकुमार चौधरी, राजकुमार चौरे, उमेश चौधरी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# शासकीय गौशाला का कलेक्टर ने निरीक्षण किया



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर सोनिया मीना ने सांगाखेडा कलां में स्थित शासकीय गौशाला का निरीक्षण किया। गौशाला में साफ सफाई एवं पशुओं के लिए भूसे एवं पानी की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक?टर ने निर्देश दिए कि पशुओं में संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए उनका शत प्रतिशत टीकाकरण किया जाए। उन्होंने गौशाला के भूसा गोदाम का भी निरीक्षण किया। गौशाला संचालक के द्वारा कलेक्टर को जानकारी दी गई कि गौशाला में गोबर आदि से खाद का निर्माण भी किया जाता है, जिसका किसानों को विक्रय भी किया जाता है। कलेक्टर द्वारा गौशाला की भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए तहसीलदार को निर्देश जारी किए गए। कलेक?टर ने कहा कि तहसीलदार गौशाला का सीमांकन करवाकर अवैध कब्जे को हटाएं जाने की कारवाई करें। उन्होंने वर्षा काल उपरांत गौशाला की पुताई करवाने के लिए भी निर्देश दिए तथा सीईओ जनपद पंचायत माखननगर को निर्देशित किया की क्षमता अनुसार सड़कों से पशुओं को हटाकर गौशाला में स्थानांतरित करें।

कलेक्टर ने गौशाला परिसर में पौधारोपण भी किया उन्होंने पीपल का पौधा लगाया एवं गौशाला में अन्य स्थानों पर भी पौधारोपण करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।



# पिपलियाहाट में कलश यात्रा के साथ 9 दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा की शुरुआत हुई

**सिरोंज।** गुरुवार को पिपलिया हाट स्थित बाबा अमरनाथ बर्फानी नाम से प्रसिद्ध शिव मंदिर पर कलश यात्रा के साथ 9 दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा का शुभारंभ हुआ। श्री राम कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कथा से पूर्व वैदिक मंत्रोचारण के बीच कलश और श्रीरामायण ग्रंथ की स्थापना की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम से सुख शांति और समृद्धि की कामना की। कलश यात्रा गांव के प्रमुख मार्गो से होते हुए कथा स्थल पहुंची जहां पर श्रद्धालुओं ने भगवान श्री राम, सीता एवं भगवान हनुमान के जयकारों के नारों के साथ सैकड़ो की संख्या में महिलाएं सिर पर कलश रखकर निकली। इस अवसर पर कथावाचक पंडित विनोद कुमार भार्गव का ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर जगह भव्य स्वागत किया। वही कथावाचक विनोद कुमार भार्गव ने कथा के पहले दिन मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भौतिक सुख-सुविधाएं व्यक्ति को आराम दे सकती है, किंतु यदि व्यक्ति को परम आराम चाहिए तो प्रभु राम की शरण में आना पड़ेगा तथा श्रीराम चरित्र का श्रवण करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के दिव्य चरित्र की कथा श्रवण मात्र से व्यक्ति का उद्धार हो सकता है। इस दौरान उन्होंने सती के संशय की कथा, योगाग्नि में शरीर को भस्म करना एवं भगवान शिव और पार्वती के विवाह की दिव्य कथा सुनाई। वही श्री अमरनाथ बर्फानी सेवादल समिति के सदस्य आयोजनकर्ता एडवोकेट महेश शर्मा ने बताया कि 22 अगस्त से 28 अगस्त तक श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। जहां प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से सांय 4 बजे तक रामकथा का आयोजन होगा। इस मौके पर बडी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## लटेरी के ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना!

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

लटेरी के अधिकांश ग्रामों में जल जीवन मिशन योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है जिसमें भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल जीवन मिशन योजना ग्रामीण क्षेत्र लोगों के लिए हर घर नल जल योजना चलाई गई थी। लेकिन ठेकेदार और पीएचई विभाग की मिली भगत से ग्रामीणों को नल जल योजना का सही लाभ नहीं मिल रहा केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन हर घर नल जल योजना का उद्देश्य हर घर में नल कनेक्शन के ठीया बनाकर टोटी लगाकर शुद्ध एवं स्वच्छ पानी उपलब्ध करना था लेकिन आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में नल जल योजना घटिया अधूरा निर्माण आज भी ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है जल जीवन मिशन योजना सिर्फ कागजों में ही सफलता कि कहानी गढ़ रहे हैं जबकि हकीकत कुछ और है जब हमने ग्रामीणों क्षेत्र दौड़ा किया तो हकीकत पता चली ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन योजना का बहुत बढ़ा हाल है ग्राम पंचायत में ठेकेदार द्वारा पाइपलाइन बिछाने में



सीसी रोड खोद कर बड़े-बड़े गड्ढे कर दिए गए जिससे ग्रामीणों क्षेत्र में आम रास्ते बंद से हो गए हैं जल जीवन मिशन हर घर नल योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सपने को अधूरा करने पर तुले हैं ठेकेदार और पीएचई विभाग कहीं ग्रामीणों ने हमें बताया है कि क्षेत्र में पीएचई विभाग के अधिकारी और कर्मचारी कभी आकर एक दो फोटो खींचकर चले जाते हैं और ठेकेदार की मिली भगत से भ्रष्टाचार करते हैं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने जल जीवन मिशन की बड़े स्तर पर जांच करने के लिए केंद्र सरकार के प्रधानमंत्री एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मांग की है अब देखना है की जांच होती है या फिर प्रधानमंत्री के सपना पूरा होता है या फिर अधूरा ही रह जाता है।

# लापरवाही बरतने वाले 19 कर्मचारियों का वेतन काटे जाने के दिए निर्देश



एसडीएम ने किया ग्रामीण क्षेत्र का दौरा



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

एसडीएम हर्षल चौधरी ने गुरुवार को क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में पहुंचकर शासन द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल एवं पंचायत कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान एसडीएम ने ग्राम आंधारेला, अबुआढाना, गेंहूँखेडी एवं पिपलिया हाट स्थित ऑगनबाडी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किए। इस निरीक्षण के दौरान ऑगनबाडी केन्द्र बंद पाए गए साथ ही ऑगनबाडी कार्यकर्ता एवं सहायका भी अनुपस्थित मिली। जिस पर उन्होंने मौके पर मौजूद ग्रामीण जनों से चर्चा कर आंगनबाड़ियों के विषय में जानकारी ली इस दौरान ग्रामीणों ने कई दिनों तक आंगनबाड़ी केंद्र नहीं खुलने, बच्चों को भोजन सहित अन्य जरूरी सामग्री नहीं मिलने की शिकायत एसडीएम से की, जिस पर एसडीएम ने एक्शन लेते हुए शाम को पत्र जारी करते हुए इन ऑगनबाडी केंद्रों में पदस्थ कार्यकर्ता एवं सहायकाओं का दो दिवस का मानदेय काटे जाने के निर्देश दिए। साथ ही अन्य आंगनबाड़ी केंद्रों की समय-समय पर जांच पड़ताल करने के लिए भी महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को आदेशित किया।

**सरकारी स्कूलों में मिली अव्यवस्थाएं :** वही एसडीएम के द्वारा किए गए इस औचक निरीक्षण के दौरान शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला आंधरेला, अबुआढाना एवं शासकीय हाई स्कूल पिपलिया हाट में पहुंच कर जरूरी व्यवस्थाएं देखी इस दौरान पिपलिया हाट हाई स्कूल में पदस्थ शिक्षिका नन्दनी मेहरा अनुपस्थित पाई जाने पर उनका तीन दिवस का वेतन काटे जाने एवं एक अतिथि शिक्षक के सात दिवस का वेतन एवं दो अतिथि शिक्षकों के एक-एक दिन के वेतन काटे जाने के निर्देश दिए गए है। इस दौरान एसडीएम के साथ बीइओ उमेश सोनी भी पूरे समय मौजूद रहे। एसडीएम द्वारा की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र के सभी सरकारी स्कूलों में हड़कंप की स्थिति भी देखने को मिली, जहां पर कई शिक्षक तेज रफ्तार से जाते दिखाई दिए, तो कई शिक्षक लेट तक आते हुए भी दिखाई दिए।

**राजस्व अभियान फिर भी पंचायत मुख्यालयों पर नहीं पहुंच रहे जिम्मेदार:** वहीं इसी क्रम में एसडीएम हषर्ल चौधरी ने राजस्व महा अभियान के तहत ग्रामीण स्तर पर किए जा रहे कार्यों का भी जायजा लिया। उन्होंने पंचायत मुख्यालयों पर जाकर देखा और ग्रामीणों से चर्चा कर हाल-चाल जाना। इस दौरान उन्होंने राजस्व महा अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी ग्रामीणों से ली। उन्होंने ग्रामीणों से पूछा कि क्या पंचायत सचिव और पटवारी पंचायत मुख्यालय पर रोज आ रहे हैं राजस्व महा अभियान के तहत आप लोगों को जानकारी दे रहे हैं। इस पर कई ग्रामीणों ने उन्हें अवगत कराते हुए बताया कि अधिकारी फोन के माध्यम से जानकारी ले रहे हैं कभी कबार ही मुख्यालयों पर पहुंचकर हमसे चर्चा करते हैं। जिस पर एसडीएम ने नाराज की जाहिर करते हुए शाम को ग्रामीणों की शिकायत पर क्षेत्र में पटवारियों द्वारा लापरवाही बरतने पर हल्का पटवारी मुकेश भील, अंबुज श्रीवास्तव, राजपाल यादव, योगेश अहिरवार, राहुल पाटीदार, संजीव अहिरवार एवं लेखराज सिंह मीना को नोटिस जारी करते हुए दो दिवस का वेतन काटे जाने हेतु तहसीलदार को निर्देशित किया।

### इनका कहना है -

*गुरुवार को हमने क्षेत्र के आधा दर्जन आंगनवाड़ी केंद्र, शासकीय स्कूल एवं पंचायत का भवनों का औचक निरीक्षण किया। जहां अनियमितताएं पाए गई है। कार्रवाई भी की गई है। हमने 19 कर्मचारियों के वेतन काटने के भी निर्देश दिए हैं, साथ ही नोटिस देकर जवाब मांगा है। उचित जवाब नहीं मिलने पर आगे भी कार्रवाई की जाएगी।*

**हर्षल चौधरी** एसडीएम

# कलेक्टर ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

**सिरोंज।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने श्रीमंत माधव राव सिंधिया शासकीय जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न वार्डों में भ्रमण कर जायजा लिया वहीं भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से संवाद कर मुहैया कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की क्रास मॉनिटरिंग की है।



कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिला चिकित्सालय के भ्रमण उपरांत सभी चिकित्सकों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला चिकित्सालय को अपना अस्पताल समझें। स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी, कर्मचारी टीमवर्क की भावना से काम करें। खासकर चिकित्सक मरीजो को इलाज हेतु भटकने ना दें का विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए सम्पूर्ण जिला चिकित्सालय में साफ सफाई बेहतर हो, वार्डो व परिसर के अन्दर आने वालो को कहीं यह अहसास ना हो और ना ही परलिक्षित हो कि गंदगी इधर-उधर है। उन्होंने सभी पलंगो पर स्वच्छ चादर की आपूर्ति, मरीजो को प्रदाय किए जाने वाले भोजन, दवा वितरण सहित अन्य बुनियादी आवश्यकताओं के संबंध में जानकारियां प्राप्त कर दिशा निर्देश दिए है। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि मरीजो को समय पर परीक्षण, दवाओं की पूर्ति हो इसके लिए सिविल सर्जन अपने स्तर पर विशेष क्रास मानिटरिंग करे। उन्होंने कहा कि औषधी भण्डारित दवाओं की एक्सपायरी डेट का विशेष ध्यान रखा जाए यदि कोई दवा की एक्सपायरी डेट निकल गई है तो उसे विधिवत रूप से पृथक रखा जाए।

## जन्माष्टमी पर्व मनाया जाने हेतु दिशा-निर्देश जारी

**सिरोंज।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रदेश में आगामी 26 अगस्त 2024 को जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने इसके लिये आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिये हैं। सामान्य प्रशासन विभाग के अवर सचिव द्वारा जारी पत्र में उल्लेख है कि प्रत्येक जिले में भगवान श्रीकृष्ण के मंदिरों की साफ-सफाई कार्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये। भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा एवं मित्रता के प्रसंग तथा जीवन दर्शन पर आधारित विभिन्न विषयों पर विद्वानों के माध्यम से सभी शासकीय, अशासकीय स्कूल, कॉलेज में व्याख्यान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयाजित कराये जाएं।प्रदेश के ऐसे स्थल जहां भगवान श्रीकृष्ण के जीवन में जुडे विशेष प्रसंग रहे हैं जैसे कि जानापावा (देवास), अमझेरा (धार), नारायणा एवं संदीपनी आश्रम (उज्जैन) में प्रसंगों के अनुकूल जन्माष्टमी के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। शास्त्र सम्मत मंदिर निर्माण के स्थापत्य एवं उनकी विशिष्टयों को इन अवसरों पर प्रचारित प्रसारित किया जाए।

# अधर में अटकी अवैध कॉलोनियों की जांच रिपोर्ट, कॉलोनाइजरों के हौसले बुलंद

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नगर पालिका और स्थानीय प्रशासन की लापरवाही के कारण सिरोंज में अवैध कॉलोनियों का खेल जोरों पर है। खेती की जमीनों पर कालोनियां काटी जा रही है। पूर्व कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैध द्वारा अवैध कॉलोनियों की जांच के लिए गठित टीम की रिपोर्ट भी ठंडे बस्ते में पड़ी हुई है। इस खेल में नपा अधिकारियों और कालोनाइजरों के बीच मिलीभगत की आशंका लगने लगी है। नगर पालिका क्षेत्र



और ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध कॉलोनियों का मुख हर बार उठता और उछलता है, लेकिन कार्रवाई नहीं होती। कलेक्टर और अन्य अधिकारी कार्यवाही की बात कहते हैं, लेकिन फाइल ठंडे बस्ते में डाल दी जाती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पालिका अधिकारी और कॉलोनाइजरों की सांठ-गांठ से यह खेल खेला जा रहा है, जिससे शासन को करोड़ों रुपए की राजस्व को हानि हो रही है वहीं अपना घर बनाने के लिए जिंदगी भर की जमा पूंजी लगाने वाले लोग सुविधाएं नहीं मिलने पर खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे है। पट्टे की भूमियों पर अवैध कॉलोनीयां फिर भी कार्रवाई नहीं राज्य सरकार द्वारा निर्धन नागरिकों को लीज पट्टा पर या भूमिहीन व्यक्ति को शासकीय योजनाओं के अंतर्गत भूमि आवंटन करती है। ऐसी भूमि आवास योजनाओं के अंतर्गत या फिर कृषि कार्य के लिए भी दी जाती है। कई बार लीज अथवा पट्टे की जमीन पर या फिर आवास योजना के तहत मिले घर, पर पहले से ही कब्जा होता है। इसमें सरकार का उद्देश्य निहित रहता है कि ऐसे गरीब जरूरतमंद जिनके पास भूमि नहीं है उन्हें पट्टे की जमीन का आवंटन गांव के गरीब परिवारों को खेती से पैसा कमाने के लिए होता है। ऐसा हो प्लॉट एक मामला नगर के भोपाल रोड स्थित शासकीय अस्पताल से सटे क्षेत्र का सामने आया है जहां पर शासन ने पूर्व में वहां के लोगों को शासकीय पट्टे खेती करने एवं आवास बनाने के लिए दिए थे। लेकिन वर्तमान में यह जमीन सिरोंज भोपाल रोड की मुख्य सड़क पर होने के कारण एवं नगर से सटी होने की वजह से बेशकीमती है जिस पर अब भू माफियाओं की नजर पड़ गई है। यही वजह है कि इस पट्टे की भूमि पर कई अवैध कालोनी काटी जा रही है। लोगों को तमाम सपने दिखा पट्टे की जमीन पर सस्ती दर पर प्लाट बेचे जा रहे हैं। और लोग लालच में आकर सस्ते होने के कारण इन अवैध कालोनियों में प्लाट ले भी रहे हैं। नवदुनिया की पड़ताल में सामने आया कि इस पट्टे की भूमि पर वर्तमान भूमि स्वामी दिखाई दे रहा है, जिसके कारण धड़ल्ले से प्लाटों की रजिस्ट्री भी हो रही है, लेकिन नामांतरण के समय सारी असलियत सामने आ जाती है और नामांतरण निरस्त कर दिया जाता है, जिसमें कारण बताया जाता है कि यह जमीन सन 1971 में क पत्रक के तहत शासकीय पट्टे की है, वर्तमान में हालांकि भूमि स्वामी दिखाई दे रहे हैं, लेकिन नामांतरण नहीं हो रहा है।

### शहर में 70 से अधिक अवैध कालोनियां

शहर सहित आसपास की कृषि भूमियों पर रेरा नियम तो दूर बिना डायवर्सन और नाली, सड़क के भी कई कालोनी काटने वालों ने यह कहकर प्लाट काट दिए कि उनकी कालोनी वैध है। इनमें प्लाट सामान्य वर्गों के लोगों ने ही खरीदे है। मामले को प्रमुखता से उठाने के बाद कलेक्टर के आदेश के चलते कुछ दिनों तक जिलास्तर से जांच भी प्रारंभ हुई, लेकिन फिर से मामला ठंडे बस्ते में चला गया। जांच पड़ताल हर बार सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह जाती है।

**मेट्रो एंकर**

## जनपद सीईओ व निकायों के लिए नपा सीएमओ को दायित्व सौंपा गया

# सड़कों पर पशुओं की उपस्थिति ना हो :कलेक्टर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने संयुक्त रूप से राजस्व, पुलिस व अन्य विभागो के अधिकारियों को संयुक्त रूप से सम्बोधित किया। कलेक्टेट के बेतवा सभागार में आयोजित इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट, अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे के अलावा संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर समेत विभिन्न विभागो के जिलाधिकारियों के साथ-साथ सड़कों के निर्माण कार्यो को संपादित कराने वाले विभाग के अधिकारी भी विशेष तौर पर उपस्थित रहें। वहीं खण्ड स्तरीय अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से संवाद किया गया है।




कलेक्टर श्री सिंह ने सभी को स्पष्ट सचेत करते हुए कहा कि विदिशा जिले की सीमा अंतर्गत आने वाले सभी नेशनल हाईवे, राजकीय हाईवे के साथ-साथ पीडब्ल्यूडी व एमपीआरडीसी समेत अन्य विभाग जिनके द्वारा सडको का निर्माण कार्य किया जाता है उपरोक्त सड़को पर पशुधन की उपस्थिति दर्ज ना हो के बेहतर प्रबंध सुनिश्चित किए जाए।

कलेक्टर श्री सिंह ने सड़को को गौवंश से मुक्त कराने हेतु टीमवर्क की भावना से कार्य करने के दिशा निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जनपद सीईओ व निकायो के लिए मुख्य नगरपालिका अधिकारी को दायित्व सौंपा गया है उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में वाहन की सुविधा नही है किराये से वाहन लेना सुनिश्चित करेगें, सडको से पशुधन को किन-किन गौशालाओ में शिफ्ट किया जाना है का चार्ट गठित दलो के पास मौजूद रहें। संबंधित गौ-शालाओं में पशुओं के आहार और पेयजल के प्रबंध पूर्व से ही सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि इन कार्यो में स्थानीय नागरिको का सहयोग भी लिया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से प्राप्त निर्देशो के परिपेक्ष्य में राजस्व अमले को निर्देशिता किया है कि राजस्व महा अभियान के तहत जिले में नक्शा तरमीम कार्य अभी तक सौ प्रतिशत नहीं हो पाया है अतः अभियान अवधि 31 अगस्त के पूर्व यह कार्य शत प्रतिशत हो इसके लिए समस्त एसडीएम अपने-अपने स्तर पर पृथक-पृथक कार्ययोजना तय कर दिवसवार लक्ष्य निर्धारित कर उनकी पूर्ति करें।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि शासन स्तर से प्राप्त दिशा निर्देशो के अनुरूप मंकीपॉक्स के संबंध में जनजागरूकता, सुरक्षा व परीक्षण इत्यादि की जानकारियां सुगमता से दी जाए। उन्होंने कहा कि जिले में कहीं भी डायरिया ना फैंले के लिए आवश्यक स्वच्छ पेयजल पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए है। उन्होंने बताया कि पीएम जनमन योजना के तहत 23 अगस्त से शिविरो का आयोजन किया जाएगा इसका उद्धेश्य चिन्हित सहरिया जनजाति के नागरिको को हितलाभो से लाभांवित करना है।

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने भी गौ-शालाओ में पशुधन को शिफ्ट कराने के मामलो में पूर्वानुसार पुलिस सहयोगप्रद करेंगी से आश्वस्त कराते हुए कहा कि जो भी वाहन इस कार्य में संलग्न किए जाएंगे उन पर स्पष्ट जानकारियां अंकित हो ताकि जिले में कहीं भी पशुओं के अवैध परिवहन की घटनाएं घटित ना हो। उन्होंने नियुक्त नोडल अधिकारियों, वाहनो के नम्बर संबंधित थाना क्षेत्र में अवश्य रूप से दर्ज कराए जाएं साथ ही नोडल अधिकारियों और अन्य अमले की सूची भी उपलब्ध कराई जाए।

### अंडर-17 वर्ल्ड कुश्ती चैंपियनशिप में मेडल पक्के

## अदिति कुमारी, नेहा, पुलकित और मानसी लाठर फाइनल में पहुंची; अब तक मिले 2 ब्रॉन्ज



**एथेंस (यूनान), एजेंसी**

जॉर्डन के अम्मान में चल रही अंडर-17 वर्ल्ड कुश्ती चैंपियनशिप 2024 में चार महिला पहलवानों ने फाइनल में पहुंच कर अपना मेडल पक्का कर लिया है। वहीं भारत को अब तक 2 ब्रॉन्ज मेडल मिला है। बुधवार को खेले गए सेमीफाइनल में अदिति कुमारी, नेहा, पुलकित और मानसी लाठर ने मुकाबला जीत कर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया।

**अदिति ग्रीस की पहलवान से भिड़ेंगी:** अदिति ने 43 किलो वेट में सेमीफाइनल में एलेक्सांद्रा बेरेजोवस्काइया को 8-2 से हरा कर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। फाइनल में उनका मुकाबला ग्रीस की मारिया लुईजा गिंका के साथ होगा। इससे पहले उन्होंने यूक्रेन की कैरोलिन शफरिक को 10-0 को और उसके बाद मैरीम मोहम्मद अब्देलाल को 4-2 से हराया।

**नेहा ने सेमीफाइनल में कजाकिस्तान की पहलवान को हराया:** वहीं 57 किलो वेट में नेहा ने सेमीफाइनल में कजाकिस्तान की अन्ना स्ट्रेटेन को हरा कर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। इससे पहले उन्होंने यूनान की माइरी मेनी को और उसके बाद जॉर्जिया की मिरांडा केपेनाद्ज़े को तकनीकी दक्षता के आधार पर हराया। फाइनल में उनका मुकाबला जापान की सो त्सुत्सुई से होगा।

**पुलकित ने मराम इब्राहिम ऐली को हराया:** 65 किलो वेट में पुलकित मिस्र की मराम इब्राहिम ऐली को 3-0 से हरा कर फाइनल में पहुंची। अब उनका अगला मुकाबला डारिया फ्रोलोवा से होगा। इससे पहले उन्होंने चीन के लिंग केइ को हराया और उसके बाद जूलियाना केटेनजारो के खिलाफ 9-0 से जीत दर्ज की।

**मानसी ने 12-2 से जीता सेमीफाइनल मुकाबला:** 73 किलो वेट में मानसी लाठर ने सेमीफाइनल में क्रिस्टीना डेमचुक को 12-2 से हरा कर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। वहां पर उनका मुकाबाला हन्ना पिरस्काया से होगा। ग्रीको रोमन के 110 किलो वेट में रौनक दहिया ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। उन्होंने ब्रॉन्ज मेडल मुकाबले में रौनक ने तुर्की के इमरुल्लाह कैपकन को 6-1 से हराया।

# नीरज का लुसाने डायमंड लीग में 89.49 मीटर का थ्रो, सीजन में बेस्ट

### फाइनल के लिए क्वालिफाई; पेरिस ओलिंपिक में 89.45 मीटर थ्रो किया था

**नईदिल्ली. एजेंसी**

भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में लुसाने डायमंड लीग 2024 में सीजन का बेस्ट थ्रो फेंका। उन्होंने अपनी अंतिम प्रयास में 89.49 मीटर का थ्रो किया। हालांकि, वे 90 मीटर के ऊपर का थ्रो नहीं कर सके। लुसाने डायमंड लीग में अपने सीजन बेस्ट थ्रो से नीरज दूसरे नंबर पर रहे। नीरज ने डायमंड लीग मीटिंग सीरीज टेबल में टॉप छह में रहते हुए फाइनल के लिए क्वालिफाई किया है। नीरज ने इस थ्रो के साथ खुद के पेरिस ओलिंपिक में फेंके 89.45 मीटर के थ्रो को पीछे छोड़ा। नीरज ने ओलिंपिक में सिल्वर मेडल जीता था। पहले चार थ्रो में नीरज 85 मीटर तक भी नहीं पहुंच सके थे। उनका पहला थ्रो 82.10 मीटर, दूसरा 83.21 मीटर, तीसरा 83.31 मीटर, चौथा 82.34 मीटर का रहा था। अपने पांचवे थ्रो में नीरज ने 85.58 मीटर भाला फेंका। अपने आखिरी थ्रो में नीरज 89.49 मीटर पहुंचे।




### नीरज लगातार दो ओलिंपिक में मेडल जीतने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी

भारतीय जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलिंपिक में सिल्वर मेडल जीता था। 26 साल के नीरज ने दूसरे प्रयास में सीजन बेस्ट 89.45 स्कोर किया था। पाकिस्तान के अरशद नदीम ने गोल्ड मेडल हासिल किया था। उन्होंने 92.97 मीटर भाला फेंककर ओलिंपिक रिकॉर्ड बनाया था। अरशद ने 6 में से 2 थ्रो 90 से ज्यादा फेंके थे। ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स (88.54 मीटर) को ब्रॉन्ज मिला था। नीरज लगातार दो ओलिंपिक में मेडल जीतने वाले भारत के तीसरे भारतीय खिलाड़ी बने हैं। नीरज से पहले रेसलर सुशील कुमार और बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने लगातार दो ओलिंपिक में मेडल जीते थे।

## टेस्ट का दूसरा दिन: इंग्लैंड 23 रन से आगे, स्मिथ और हैरी की फिफ्टी

**मैनचेस्टर. एजेंसी**

इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच मैनचेस्टर में टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला खेला जा रहा है। पहले दिन श्रीलंका ने 236 रन बनाए थे। दूसरे दिन बारिश के कारण कम ओवरों का खेल हो सका, लेकिन इंग्लैंड ने 6 विकेट खोकर 259 रन बना लिए। इसी के साथ टीम 23 रन से आगे हो गई। इंग्लैंड से जैमी स्मिथ 72 रन बनाकर नॉटआउट रहे। उनके साथ गस एटकिंसन भी नॉटआउट रहे। तीसरे दिन का खेल भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 बजे से शुरू होगा। पहले दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने बगैर नुकसान के 22 रन बना लिए थे। दूसरे दिन बारिश के कारण पहले सेशन का खेल ही नहीं हो सका। बेन डकेट 13 और डेन लॉरेंस 9 रन के स्कोर पर नॉटआउट रहे। बारिश बंद होने के बाद दूसरे सेशन में खेल शुरू हो सका। असिथा फर्नांडो और विश्वा फर्नांडो ने कसी हुई गेंदबाजी की इंग्लैंड को 67 रन के स्कोर तक ही 3 झटके दे दिए। यहां से जो रूट और हैरी ब्रूक ने पारी संभाली। दोनों ने फिफ्टी पार्टनरशिप की और टीम को 100 रन के पार पहुंचा दिया। फर्नांडो ने उन्हें विकेटकीपर दिनेश चांदीमल के हाथों कैच करा दिया। उन्होंने 57 बॉल पर 42 रन बनाए। दूसरा सेशन खत्म होने तक इंग्लैंड ने 4 विकेट के नुकसान पर 176 रन बना लिए। ब्रूक ने विकेटकीपर जैमी स्मिथ के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली। तीसरा सेशन शुरू होते ही ब्रूक आउट हो गए, उन्हें प्रबाथ जयसूर्या ने बोल्ड किया। ब्रूक ने 56 रन बनाए। 5 विकेट गिरने के बाद स्मिथ ने क्रिस वोक्स के साथ टीम को 200 रन के पार पहुंचा दिया। वोक्स 25 रन बनाकर जयसूर्या का ही शिकार हुए।

## रावलपिंडी टेस्ट के दूसरे दिन पाकिस्तान हावी, बांग्लादेश के खिलाफ शकील-रिजवान के शतक

**रावलपिंडी. एजेंसी**

पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच रावलपिंडी में टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला खेला जा रहा है। गुरुवार को मुकाबले के दूसरे दिन पाकिस्तान ने 448/6 के स्कोर पर अपनी पहली पारी डिक्लेयर की। टीम से सऊद शकील और मोहम्मद रिजवान ने सेंचुरी लगाई। बांग्लादेश ने दिन का खेल खत्म होने तक अपनी पारी शुरू कर दी। टीम ने 12 ओवर में बगैर नुकसान के 27 रन बना लिए। पाकिस्तान ने पहले दिन 158/4 के स्कोर पर अपनी पारी खत्म की थी। शकील 57 और रिजवान 24 रन बनाकर नॉटआउट थे। दोनों ने पारी आगे बढ़ाई और पाकिस्तान को 200 के पार पहुंचा दिया। पहले सेशन में टीम ने कोई विकेट नहीं गंवाया और 256 रन बना दिए। रिजवान 89 और शकील 86 रन बनाकर नॉटआउट रहे।



**दूसरे सेशन में दोनों के शतक**

सेकेंड सेशन में रिजवान और शकील दोनों ने सेंचुरी जड़ दीं। दोनों यहीं नहीं रुके और टीम का स्कोर 350 के पार भी पहुंचा दिया। शकील 141 रन बनाकर आउट हुए और उनकी रिजवान के साथ 240 रन की पार्टनरशिप टूट गई। शकील को मेहदी हसन मिराज ने पवेलियन भेजा।

## सतीश ने अंतिम 16 में बनाई जगह

**योकोहामा. एजेंसी**

भारतीय शटलर सतीश कुमार ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यहां खेले जा रहे जापान ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री-क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया है। पुरुष एकल के अंतिम-32 राउंड में सतीश का मुकाबला डेनमार्क के आंद्रेस एंटोसन के साथ था, लेकिन पहले गेम के दौरान एंटोसन रिटायर्ड हर्ट हो गए। उस समय सतीश ने 6-1 की बढ़त बना रखी थी। अब उनका मुकाबला थाइलैंड के केंटाफोन वांगचारोएन से होगी।



### मेट्रो बाजार

## डाबर कंपनी तमिलनाडु में 400 करोड़ रुपए का निवेश करेगी

**चेन्नई, एजेंसी**

फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स कंपनी डाबर तमिलनाडु में 400 करोड़ रुपए निवेश करेगी। कंपनी ने विल्लुपुरम जिले में वर्ल्ड क्लास मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करने के लिए तमिलनाडु सरकार के साथ एक एमओयू (समझौते) पर साइन किया है। तमिलनाडु के उद्योग मंत्री डॉ. टीआरबी राजा ने कहा- डाबर के इस 400 करोड़ के निवेश से 250 से ज्यादा जॉब पैदा होंगी।




इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इससे आसपास के डेल्टा क्षेत्र के किसानों के लिए इस मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में प्रोसेज होने वाले कृषि उत्पाद को बेचने का नया अवसर खुलेगा। उन्होंने कहा कि डाबर अपने होम केयर, पर्सनल केयर और जूस प्रोडक्ट के लिए पॉपुलर है। तमिलनाडु को चुनने का उनका निर्णय हमारे राज्य के संपन्न इंडस्ट्रियल इकोसिस्टम और काम के लिए तैयार लेवर फोर्स की अवेलेबिलिटी का एक प्रमाण है। बता दें डाबर इंडिया लिमिटेड की शुरुआत 140 साल पहले 1884 में डॉक्टर एस. के. बर्मन ने की थी। शुरुआत में डॉ. बर्मन एक छोटे से घर में दवाएं बनाते थे और उसे उन लोगों तक पहुंचाते थे, जिन तक हेल्थ फैसिलिटिज की पहुंच नहीं थी। समय के साथ इनकी दवाओं पर लोगों का भरोसा लगातार बढ़ता गया। डाबर च्यवनप्राश, डाबर हनी, डाबर पुदीन हारा और डाबर लाल तेल सहित पर्सनल केयर कैटेगरी में डाबर आंवला और डाबर रेड पेस्ट कंपनी के कुछ लोकप्रिय प्रोडक्ट हैं।

## टाटा ग्रुप के 'स्टॉर बाजार' के हेड बने नेविल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप में नई पीढ़ी का दौर शुरू हो गया है। 32 साल के नेविल टाटा ने स्टार बाजार के हेड के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। स्टार बाजार टाटा ग्रुप के रिटेल बिजनेस का हिस्सा है। नेविल टाटा संस के चेयरमैन एमिरेट्स रतन टाटा के सौतेले भाई नोएल टाटा के बेटे हैं। नोएल ट्रेंट लिमिटेड के चेयरमैन हैं। नेविल इससे पहले ट्रेंट हाइपरमार्केट के बोर्ड में नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर थे। ट्रेंट लिमिटेड के पास हाइपरमार्केट यूनिट स्टार बाजार के अलावा वेस्टसाइड, जूडियो और जारा जैसे ब्रांड्स हैं। नेविल 2016 से ट्रेंट लिमिटेड से जुड़े हैं। उन्होंने जूडियो का प्रबंधन किया, जो आज देश के प्रमुख अपैरल ब्रांड्स में से एक है। नेविल आने वाले दिनों में हाइपर मार्केट के सीईओ या एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर बनाए जा सकते है। इस रिटेल इंडस्ट्री में नेविल की सीधी टक्कर ईशा अंबानी से होगी, जो अपने पिता मुकेश अंबानी के नेतृत्व में रिलांयस इंडस्ट्रीज के रिटेल बिजनेस को संभाल रही हैं। नोएल टाटा की बेटियां लिआ टाटा और माया टाटा भी कंपनी के कामकाज में सक्रिय हैं।

## पैरालंपिक : सुमित अंतिल की अगुवाई में पहला दल रवाना

**नईदिल्ली, एजेंसी**



पांच स्वर्ण सहित एक दर्जन पदक जीतने की उम्मीद के साथ भारत के पैरालंपिक एथलीटों का पहला जत्था स्टार भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल की अगुआई में पेरिस पैरालंपिक खेलों के लिए रवाना हो गया है। परिस्थितियों के अनुकूल खुद को ढालने के लिए पैरालंपिक खिलाड़ी समय से पहले रवाना हुए हैं। देश के 16 पैरा एथलीट उद्घाटन समारोह से तीन दिन पहले 25 अगस्त को खेल गांव में प्रवेश करेंगे।

## सिंकफील्ड कप नेपोमनियाचची से ग्रैंडमास्टर गुकेश ने ड्रा खेला



**सेंट लुई (अमरीका)।** विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में रूस के इयान नेपोमनियाचची के साथ रोमांचक ड्रॉ खेला जिससे वह संयुक्त दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। अपनी पहली बाजी में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के साथ अपेक्षाकृत आसान ड्रॉ खेलने के बाद गुकेश ने नेपोमनियाचची के खिलाफ रोमांचक बाजी खेली। गुकेश सफेद मोहरों से खेल रहे थे और वह बेहतर स्थिति में भी दिख रहा था लेकिन रूस के खिलाड़ी ने उन्हें कोई मौका नहीं दिया।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

## पैपराजी से होने वाली नोकझोंक पर तापसी बोली 'मैं सार्वजनिक संपत्ति नहीं'

बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू फिल्मों में अपने शानदार प्रदर्शन के साथ ही अपने बेबाक अंदाज के कारण भी सुर्खियों का हिस्सा बनती हैं। एक तरफ तापसी एक से बढ़कर एक हसीन तस्वीरों से प्रशंसकों को अपने जीवन की झलकियां देती नजर आती हैं। तो, दूसरी तरफ उन्हें अक्सर ही फोटो लेने आए पैपराजी से झगड़ा मोल लेते देखा जाता है। इस वजह से वह काफी ज्यादा ट्रोल भी होती हैं। इसी मुद्दे पर अब अभिनेत्री ने चुप्पी तोड़ी है और अपना पक्ष साफ करती नजर आई हैं। एक हालिया इंटरव्यू में तापसी पन्नू ने बड़े पैमाने पर ट्रोलिंग और पैपराजी युग में एक सार्वजनिक हस्ती होने के चुनौतीपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। ऑनलाइन आलोचना पर विचार करते हुए तापसी ने स्वीकार किया, मुझे लगता है कि मैंने ऐसा जीवन चुना है जिसके बारे में दुर्भाग्य से मुझे बहुत देर से पता चला कि कुछ करो ना करो, ट्रोल तो तुम होगे ही। तापसी पन्नू ने अपनी बात में आगे जोड़ा, तो, मुझे लगता है कि यह ट्रोलिंग हाल ही में हम सभी के जीवन में आ गई है। साथ ही मुझे लगता है कि मैं कुछ प्रासंगिक हूं तभी ट्रोल हो रही हूं। लोग आप पर नकारात्मकता में समय बर्बाद कर रहे हैं। मुझे लगता है, ठीक है, मैं किसी तरह से उनके समय के लायक हूं। तापसी का मानना है कि आज के ट्रोल्स की कठोरता के बावजूद उनमें करियर को खत्म करने की शक्ति नहीं है जैसा कि पहले के समय में हुआ करता था। अभिनेत्री ने कहा, नहीं, वे करियर नहीं खत्म कर सकते वरना मैं यहां नहीं होती। तापसी ने पैपराजी के साथ समय-समय पर हो जाने वाली नोकझोंक पर भी चुप्पी तोड़ी। तापसी पन्नू ने कहा, मेरे पास इस तथ्य का बहुत स्पष्ट तर्क है कि मैं एक सार्वजनिक इंसान हूं, सार्वजनिक संपत्ति नहीं। दोनों के बीच बहुत बड़ा अंतर है।



## भतीजे अयान अग्निहोत्री के नए गाने 'यू आर माइन' में रैप करेंगे सलमान खान



सलमान खान के भतीजे अयान अग्निहोत्री ने हाल ही में पार्टी फीवर गाने से अपना म्यूजिकल डेब्यू किया है। सलमान खान ने इस म्यूजिक वीडियो में कैमियो भी किया है, जिससे उनके प्रशंसक हैरान रह गए। अब अयान और सलमान नए गाने 'यू आर माइन' में फिर से साथ काम करने के लिए तैयार हैं। इस गाने में विशाल मिश्रा भी अपनी आवाज देंगे। सलमान ने इंस्टाग्राम पर अपने आने वाले गाने का टीजर शेयर किया। वीडियो में सलमान पेंटिंग करते हुए नजर आ रहे हैं, तभी अयान उनके पास आते हैं और उनसे पूछते हैं कि वह किस बारे में सोच रहे हैं। जब सलमान कहते हैं कि उनके दिमाग में विशाल मिश्रा का गाना है, तो अयान अपने मामा से एक दिन उनके साथ रैप करने के लिए कहते हैं। सलमान खान वादा करते हैं कि एक दिन ऐसा जरूर होगा। सलमान अयान से पूछते हैं कि क्या उनके पास पहले से कोई गाना तैयार है। अग्नि एक लाइन रैप भी करते हैं, जिससे कहानी और दिलचस्प हो जाती है। अयान कुछ गाने गाते हैं, जिससे सलमान उन्हें रोकते हैं। फिर सलमान कहते हैं, इंग्लिश में रैप करता है ये छोरा। टीजर वीडियो ने प्रशंसकों को उत्साहित कर दिया है। वीडियो साझा करते हुए सलमान खान ने कैप्शन में गाने का शीर्षक लिखा, 'यू आर माइन' बने रहिए। सलमान खान इस गाने को गाएंगे और उन्होंने इसके बोल भी लिखे हैं। विशाल मिश्रा इसके संगीतकार हैं, जबकि अग्नि ने गाने में रैप किया है। सलमान खान ने इससे पहले एक छोटी सी भूमिका निभाई थी और अपने डेब्यू ट्रैक पार्टी फीवर में अग्नि को पेश किया था। इसके साथ ही सलमान खान इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म सिकंदर की शूटिंग में व्यस्त हैं। सलमान खान अगली बार रश्मिका मंदाना के साथ फिल्म सिकंदर में नजर आएंगे। एआर मुरुगादॉस द्वारा निर्देशित इस फिल्म की शूटिंग तेजी से चल रही है। यह फिल्म अगले साल यानी 2025 में ईद के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

## विदेशियों से भी भिड़ चुके हैं 'संजू बाबा', अरशद वारसी ने सुनाया बैंकॉक से जुड़ा दिलचस्प किस्सा





अरशद वारसी आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। अभिनेता अपनी कॉमिक टाइमिंग के लिए इंडस्ट्री में काफी लोकप्रिय हैं। यही नहीं, अभिनेता अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा निजी जिंदगी को लेकर भी काफी चर्चा में रहते हैं। अब हाल ही में, अभिनेता ने हाल ही में बैंकॉक में अपने और संजय दत्त से जुड़ी एक घटना का जिक्र किया है। आइए जानते हैं कि अभिनेता ने क्या कहा है। अरशद वारसी ने अपने हालिया इंटरव्यू में बैंकॉक में अपने और संजय दत्त से जुड़ी एक घटना का जिक्र किया। दोनों ने विदेशियों के एक ग्रुप का सामना किया था। जैसे-जैसे तनाव बढ़ता गया, संजय दत्त के प्रशंसकों की भीड़ जमा हो गई, जो अभिनेता को चीयर कर रहे थे। विदेशी लोग संजय को असली गैंगस्टर समझकर डर गए और जल्दी से पीछे हट गए, जिससे टकराव खत्म हो गया। उन्होंने कहा, तो अचानक, इन दो गोरों ने सोचा कि ये कोई डॉन है इलाके के। वे भाग गए। हाल ही में समदीश भाटिया के साथ बातचीत में, अरशद वारसी ने बैंकॉक में एंथनी कौन है? की शूटिंग के दौरान का एक अनुभव साझा किया। दिन भर की शूटिंग के बाद संजय दत्त उनके दोस्त बिट्टू और अनुषा दांडेकर के साथ डिनर के लिए बाहर गए। जब वे चल रहे थे, तो अरशद आगे थे, संजय और बिट्टू उनके पीछे थे और अनुषा सबसे आगे चल रही थीं। उस समय, दो विदेशियों ने अनुषा को देखा और उनमें से एक ने टिप्पणी की। अरशद वारसी ने बताया कि कैसे स्थिति बिगड़ गई। जैसे ही वह विदेशियों के पास पहुंचे, उन्होंने देखा कि वे काफी लंबे थे। हालांकि, उन्होंने मजाक में कहा कि उन्हें सभी लंबे लगते हैं। अभिनेता ने कहा, विदेशी शराब पी रहे थे। इसलिए ऐसा लग रहा था कि लड़ाई शुरू होने वाली है। अरशद अपनी जगह पर डटे रहे, लेकिन फिर अचानक संजय दत्त और बिट्टू पीछे से उनके साथ आ गए। अरशद वारसी ने आगे बताया कि कैसे स्थिति जल्दी ही बदल गई। जब ऐसा लगा कि लड़ाई होने वाली है, तो बिट्टू ने अचानक हस्तक्षेप किया और किसी से कैमरा नीचे रखने को कहा। संजय दत्त ने भी उन्हें फिल्मांकन बंद करने को कहा। उन्होंने कहा, अचानक, हमने लड़ाई छोड़ दी और हम बोल रहे हैं कैमरा रख। ये दोनों गोरे सोच रहे हैं, इनको कैमरे से क्या समस्या है? सब वहाँ से चिल्ला रहे हैं, बाबा, बाबा।

**बागसेवनिया लूट**

## ज्वेलर्स संचालक से कट्टा अड़ाकर हुई थी लूट

# 700 ग्राम सोना और 4 किलो चांदी के आभूषण बरामद



भोपाल, दोपहर मेट्रो।

बागसेवनिया में ज्वेलर्स से कट्टा अड़ाकर हुई लूट के मामले में पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही से 700 ग्राम सोना और 4 किलोग्राम चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। जब्त आभूषण की कीमत 60 लाख रुपए बताई गई। इसके साथ ही वारदात में इस्तेमाल बाइक, हेलमेट, पिस्टल, मास्क समेत अन्य सामान जब्त किया है।

जानकारी के अनुसार रजना नगर निवासी मनोज चौहान बागसेवनिया स्थित सीमामणि काम्पलेक्स में एसएस ज्वेलर्स के नाम से ज्वैलरी शाप चलाते हैं। बीती 13 अगस्त की रात करीब दस बजे वह दुकान पर थे, तभी हेलमेट पहने दो बदमाश अंदर घुस गए। बदमाशों ने मनोज पर पिस्टल अड़ाई और दराज में रखे 35 हजार रुपए की नगदी और काउंटर समेत तिजोरी में रखे सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए। घटना के समय दोनों बदमाश मास्क के साथ ही हेलमेट पहने हुए थे। बदमाशों की तलाश में पुलिस की अलग-अलग टीम ने बीस किलोमीटर के दायरे में लगे करीब 400 सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद पुलिस ने इस मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। रविवार को अलग-अलग स्थानों से आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ ही लूटे गए माल को बरामद करने की कार्रवाई की जा रही थी। गुरुवार को पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्रा ने कार्रवाई पूरी होने के बाद बताया कि कुल 700 ग्राम सोना और 4 किलोग्राम चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। जब्त आभूषण की कीमत 60 लाख रुपए के आसपास है। फरियादी ने सारे जेवरातों को पहचानते हुए अपना सामान बताया है। पुलिस ने इस मामले में आकाश राय, मोहित सिंह बघेल, विकास राय, मोनिका राय, अमित राय, गायत्री राय और अभय मिश्रा को गिरफ्तार किया था।



### रीवा में थी बैंक डकैती की योजना

**आरोपी मोहित सिंह बघेल रीवा का रहने वाला है और अग्निवीर सैनिक है। वह ट्रेनिंग से छुट्टी लेकर घटना वाले दिन भोपाल आया था। आकाश राय उसे रिसीव करने के लिए स्टेशन गया था। मोहित को उसके दोस्त अभय मिश्रा ने पिस्टल उपलब्ध कराई थी। दोनों ने दिनभर दुकान के आसपास रैकी की और रात को वारदात को अंजाम दिया। पूछताछ में पता चला कि इस घटना के बाद वह रीवा में बैंक लूटने की योजना बना रहे थे, लेकिन उसके पहले ही पुलिस के हत्थे चढ़ गए।**

## लोन दिलाने का प्रलोभन देकर 71 हजार की ठगी

**भोपाल।** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित बैंक कॉलोनी में रहने वाले बेरोजगार को दो जालसाजों ने साढ़े 71 हजार रुपए का चूना लगा दिया। आरोपियों ने स्टार्टअप के लिए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 50 लाख रुपए का लोन दिलाने के नाम पर उक्त रुपए डाक्युमेंट के साथ प्रोसेसिंग फीस कराने के एवज में लिए थे। रुपए हाथ लगने के बाद आरोपियों ने अपने मोबाइल नंबर बंद कर लिए। पुलिस के अनुसार बैंक कॉलोनी, जहांगीराबाद निवासी 26 वर्षीय सलमान कुरैशी बेरोजगार हैं। वह लोन लेकर बिजनेश शुरू करने का प्लान तैयार किया था। इसी बीच एमपी नगर में उनकी मुलाकात मुलाकात हर्ष मालवीय, सिद्धार्थ पाठक से हुई। दोनों ने उन्हें लोन दिलाने का प्रलोभन देकर प्रोसेसिंग फीस के नाम पर अलग-अलग किश्तों में 71 हजार 500 रुपए जमा करा लिए। काफी दिनों तक उन्हें लोन नहीं मिला। सलमान ने आरोपियों के मोबाइल नंबर पर कॉल किया तो दोनों के नंबर बंद हो चुके थे। उनके ठिकानों पर पहुंचकर देखा गया तो भी आरोपी नहीं मिले। इसके बाद सलमान ने पुलिस को शिकायती आवेदन दिया था। पुलिस ने आवेदन जांच के बाद हर्ष मालवीय और सिद्धार्थ पाठक के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर लिया है।

# सांतरागाछी व अम्बिकापुर एक्सप्रेस सहित 10 ट्रेनें रद्द



भोपाल, दोपहर मेट्रो।

रेलवे ने 10 यात्री ट्रेनों को रद्द कर दिया है। यह ट्रेन ट्रैक मेंटेनेंस से जुड़े काम ऑन को देखते हुए रद्द की गई है। इन दिनों में जिन यात्रियों ने यात्रा के लिए रेल टिकट बुक कर आए थे उन्हें रेलवे ने मैसेज के जरिए सूचना दी है ऐसे यात्रियों को रेलवे पूरा किराया वापस करेगा।

उल्लेखनीय है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के अंतर्गत उमरिया स्टेशन में प्री-एनआई व एनआई कार्य करने के चलते ट्रेनें निरस्त की है। इस काम के दौरान पमरे से प्रारम्भ/ टर्मिनेट होने वाली कुछ ट्रेनों के मार्ग भी बदले गए हैं।

- दिनांक 29 अगस्त एवं 05 सितम्बर 2024 को जबलपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20827 जबलपुर-सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।(02 ट्रिप)
- दिनांक 28 अगस्त एवं 04 सितम्बर 2024 को सांतरागाछी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20828 सांतरागाछी-जबलपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।(02 ट्रिप)
- दिनांक 27 अगस्त से 05 सितम्बर 2024 तक जबलपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 11265 जबलपुर-अम्बिकापुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।(10 ट्रिप)
- दिनांक 28 अगस्त से 06 सितम्बर 2024 तक अम्बिकापुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 11266 अम्बिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।(10 ट्रिप)
- दिनांक 27 अगस्त से 04 सितम्बर 2024 तक बिलासपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।(09 ट्रिप)
- दिनांक 28 अगस्त से 05 सितम्बर 2024 तक रीवा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।(09 ट्रिप)
- दिनांक 28 एवं 30 अगस्त और 02 एवं 04 सितम्बर 2024 को रीवा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 11751 रीवा-चिरमिरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।(04 ट्रिप)
- दिनांक 29 एवं 31 अगस्त और 03 एवं 05 सितम्बर 2024 को चिरमिरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 11752 चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।(04 ट्रिप)
- दिनांक 28 अगस्त से 05 सितम्बर 2024 तक कटनी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 06617 कटनी-चिरमिरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।(09 ट्रिप)
- दिनांक 29 अगस्त से 06 सितम्बर 2024 तक चिरमिरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 06618 चिरमिरी-कटनी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।(09 ट्रिप)

### यात्री यहां से लें मदद

असुविधा से बचने के लिए यात्री रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस /139 रेल मदद से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके यात्रा शुरू कर सकते हैं।

### प्रारंभिक तिथि से मार्ग परिवर्तित गाड़ियाँ

- गाड़ी संख्या 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस दिनांक 27 अगस्त से 04 सितम्बर 2024 तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान कर अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया कटनी-जबलपुर-कछपुरा-नैनपुर होते हुए गंतव्य को जाएगी।(09 ट्रिप)
- गाड़ी संख्या 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस दिनांक 27 अगस्त से 04 सितम्बर 2024 तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान कर अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया नैनपुर-कछपुरा-जबलपुर-कटनी होते हुए गंतव्य को जाएगी।(09 ट्रिप)

## व्यवसाय में नुकसान होने पर सब्जी व्यापारी ने लगाई फांसी

**भोपाल।** हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित अरेरा कॉलोनी स्थित जनता कॉलोनी में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात सब्जी के थोक व्यापारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि वह कारोबार में नुकसान व लेनदारों से परेशान होकर व्यापारी ने आत्महत्या की है। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार जनता कॉलोनी हबीबगंज निवासी रमजान कुरैशी (35) सब्जी के थोक व्यापारी थे। परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। वह अपने तीन मंजिला मकान की दूसरी मंजिल पर रहते थे, जबकि पहली मंजिल पर पिता आहद कुरैशी रहते हैं। तीसरी मंजिल पर छोटा भाई अपने परिवार के साथ रहता है। गुरुवार रात को रमजान कुरैशी ने परिवार के साथ खाना खाया था। खाना खाकर सभी सोने चले गए थे। रात करीब दो बजे पत्नी ने रमजान कुरैशी को दूसरी मंजिल के बरामदे में फंदे पर लटका देखा। शोर सुनकर परिवार के सभी लोग मौके पर पहुंचे और रमजान को फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई थी। परिजन ने पुलिस को बताया कि कारोबार में लगातार हो रहे नुकसान से रमजान दुखी थे। उन्हें कुछ लोगों से उधारी की रकम भी लेनी थी, लेकिन रकम मिल नहीं रही थी।

## नाले में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित विद्या नगर में पिज्जाहट के पास नाले में गुरुवार सुबह एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के पास से ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे की उसकी शिनाख्त की जा सके। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए एम्स मर्चूरी भेज दिया है। मृतक की शिनाख्ती के प्रयास किए जा रहे है। एसआई गंगाराम वर्मा ने बताया कि विद्या नगर बागसेवनिया में पिज्जाहट के पास निर्माणाधीन बिल्डिंग के पास से गुरुवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे के आसपास एक युवक की लाश बरामद की गई। मृतक ब्लू शर्ट और गहरे नीले रंग का पेंट पहने हुए है। उसके दाहिने हाथ पर रोहित लिखा हुआ है। पुलिस का कहना है कि शव देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि उक्त युवक रात के ही नाले में गिरा है। शरीर पर चोट के निशान है, लेकिन निशान गिरने के भी हो सकते है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

# व्यवसायी के सूने मकान से हजारों का सामान चोरी

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

शहर में चोरी और नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। कोहेफिजा और कटारा हिल्स स्थित सूने मकानों के ताले तोड़कर चोर हजारों रुपये कीमत के जेवरात और नकदी समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के



मुताबिक विकास वचवानी (25) मूलतः ग्वालियर के रहने वाले हैं। फिलहाल वह इंद्रविहार कालोनी एयरपोर्ट रोड पर रहते हैं और मेडिकल सर्जीकल की सप्लाई का काम करते हैं। बीती 18 अगस्त की रात को वह अपने मकान पर ताला लगाकर रक्षाबंधन के लिए ग्वालियर चले गए थे। बुधवार की सुबह करीब सात बजे वापस लौटे तो कमरे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो टेबिल की दराज में रखे 6 हजार रुपए नकद, मंदिर में रखी रामजी की चांदी की मूर्ति समेत अन्य सामान नहीं था। इधर कटारा हिल्स थाना स्थित ट्यूलिक स्प्रिंगवैली कालोनी में रहने वाले सूरज वर्मा के सूने मकान का ताला तोड़कर चोर सोने चांदी के जेवरात और 25 हजार रुपए नकदी समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। घटना के समय वह मकान पर ताला लगाकर शहर से बाहर गए थे। इसी प्रकार बिलखिरिया स्थित एक निजी कालेज की अलमारी में रखे चांदी के चार सिक्के, सोने की चूड़ियां और लाकेट समेत अन्य सामान चोरी चला गया। पुलिस ने सुनीता ठकराल की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। घटना करीब डेढ़ महीने पुरानी बताई गई है, जिसकी रिपोर्ट बुधवार को दर्ज कराई गई है। पुलिस सभी मामलों में आरोपियों की तलाश कर रही है।

## हमीदिया की पार्किंग से बाइक चोरी


**भोपाल।** राजधानी में लंबे समय से सक्रिय वाहन चोरी गिरोह लगातार वारदातों को अंजाम दे रहा है। कोहेफिजा स्थित हमीदिया अस्पताल की पार्किंग में खड़ी एक लैब टेक्नीशियन की बाइक चोरी चली गई। आधा दर्जन अन्य स्थानों से भी कार और दोपहिया वाहन चोरी हुए हैं। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक चंद्रपाल ठाकुर (27) इछावर जिला सीहोर के रहने वाले हैं। फिलहाल वह ईदगाह हिल्स शाहजहांनाबाद में रहते हैं और हमीदिया अस्पताल में लैब टेक्निीशियन हैं। पिछले दिनों वह नाईट ड्यूटी पर अस्पताल पहुंचे और अपनी बाइक इमरजेंसी की पार्किंग में खड़ी करके काम पर चले गए। अगले दिन सुबह करीब सात बजे पार्किंग में पहुंचे तो बाइक चोरी हो चुकी थी। तलाश करने पर भी जब बाइक का कुछ पता नहीं चला तो उन्होंने थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इधर मिसरोद थानांतर्गत लिबर्टी कालोनी सलैया में रहने वाले केबी कृष्णन के घर के सामने खड़ी कार चोरी चली गई। इसी प्रकार जहांगीराबाद थानांतर्गत नीलम पार्क के पास से नीरज कुमार श्रोती, शंकराचार्य नगर बजरिया से मुकेश जैन, तुलसी नगर हिनौतिया से अभिषेक सिंह, न्यू कबाड़खाना हनुमानगंज से मो. जमी उर्फ बबलू खान, बैरसिया स्थिदत मधुवन गार्डन के सामने से निहाल सिंह दांगी और छठामील ग्राम अरवलिया थाना ईंटखेड़ी से संजीत सिंह ठाकुर की बाइक चोरी चली गई।

# डायल 100 ने चार साल के बालक को पहुंचाया घर

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

भोपाल। गांधी नगर इलाके में रास्ता भटके चार साल के बालक को डायल 100 ने सकुशल परिजन तक पहुंचा दिया। जानकारी के अनुसार गुरुवार को जेल कॉलोनी नयापुरा के पास एक चार साल का बालक रास्ता भटक कर घूमता हुआ मिला। राहगीरों ने इसकी सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल 100 को दी। सूचना के बाद गांधी नगर थाने की एफआरवी पर तैनात एएसआई चंद्रभान सिंह और पायलट मुईद उल्ला मौके पर पहुंचे तथा बालक को अपने संरक्षण में लिया। पूछताछ के दौरान बालक अपने घर का पता नहीं बता पा रहा था। बालक को लेकर डायल 100 स्टाफ ने आसपास के इलाके में पूछताछ की, जिसके बाद उसकी पहचान बिलाल मस्जिद के पास





थाना निशातपुरा में रहने वाले बालक के रूप में हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजन से पूछताछ के बाद बालक को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया। साथ ही छोटे बच्चों को ध्यान रखने के लिए परिवार को समझाइश दी गई। पूछताछ में पता चला कि बालक घर के पास ही खेल रहा था, तभी रास्ता भटकर जेल कालोनी तक पहुंच गया था।

# तेज रफ्तार ओमनी वैन पेड़ से टकराई, एक की मौत चार घायल

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित राजपूत ढाबा के पास गुरुवार शाम तेज रफ्तार ओमनी सड़क किनारे लगे पेड़ में जा घुसी। हादसे में वैन चला रहे युवक की मौत हो गई, जबकि वैन में बैठे परिवार के सदस्य घायल हो गए। घायलों का हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पुलिस के अनुसार वाहिद पिता जाखिर (45) चार बस्ती चौराहा, कसाईपुरा सीहोर में रहता था। कल गुरुवार को वह ओमनी वैन से परिवार के साथ भोपाल आया था। भोपाल पहुंचने के बाद बच्चों को मॉल में घुमाया और खरीदारी करने के बाद परिवार सीहोर जाने के लिए निकला था। खजूरी सड़क स्थित राजपूत ढाबा के पास पहुंचते ही ओमनी वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ में जा घुसी। रफ्तार में पेड़ में घुसने के कारण वैन बुरी तरह से चिपट गई?थी। स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर वैन में सवार परिवार को बाहर निकाला और एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया था। अस्पताल में कुछ ही देर चले इलाज के बाद डॉक्टर ने वाहिद को मृत घोषित कर दिया। इस हादसे में अक्शा, तोशा और वाहिद खान का एक बच्चा घायल हुआ है। सभी का हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### ट्रक ने युवक को कुचला, मौत

इधर, अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित रायसेन रोड पर रूप नगर झुग्गी के सामने ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस ने ट्रक जब्त कर आरोपी चालक पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार प्रशांक कुमार कोच पिता खोदीराम कोच (35) ऋषिपुरम फेस वन, अवधपुरी में रहता था और प्राइवेट काम करता था। गुरुवार रात वह बाइक से अपने घर जा रहा था। रूप नगर झुग्गी के सामने रायसेन रोड पर पीछे से आ रहे ट्रक के चालक ने तेजी और लापरवाहीपूर्वक ट्रक चलाते हुए उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह बाइक समेत सड़क पर गिर गया था। सड़क पर गिरने के बाद ट्रक का पहिया उसके सिर से गुजर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## वीआईपी रोड पर ऑटो ने बाइक को मारी टक्कर

**भोपाल।** कोहेफिजा चौराहा स्थित वीआईपी रोड पर एक तेज रफ्तार ऑटो ने आगे जा रही बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक चला रहे युवक और उसकी पत्नी तथा बच्चों को चोट आई है। पुलिस ने अज्ञात ऑटो चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। ऑटो की पहचान के लिए इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक सरवर खान (26) पोस्ट आफिस वाली गली जहांगीराबाद में रहता है और पुताई का काम करता है। बुधवार की शाम करीब सात बजे वह अपनी पत्नी और बेटियों के साथ मोटरसाइकिल से खानूगांव जा रहा था। वीआईपी रोड स्थित कोहेफिजा चौराहे के पास उसे पीछे से आ रहे तेज रफ्तार आटो ने टक्कर मार दी और भाग निकला। टक्कर लगते ही सरवर और उसकी पत्नी तथा बच्चे बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल पहुंचाया। बाद में सरवर ने थाने जाकर एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी जब तक ऑटो का नंबर देख पाता, उसके पहले चालक आटो लेकर मौके से भाग निकला था।

# कोहेफिजा में बाइक की टक्कर से पुलिसकर्मी घायल

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

कोहेफिजा इलाके में शासकीय डाक लगाने निकले एक पुलिसकर्मी को बाइक चालक ने टक्कर मार दी। घायल को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार बनवारी जुहैला (31) आराधना नगर थाना कमला नगर में रहते हैं। वह पुलिस मुख्यालय में आरक्षक हैं और डीआर का काम करते हैं। बुधवार को उनकी ड्यूटी पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के बंगले पर थी। वह उनके कार्यालय की डाक लेकर बांटने के लिए निकले थे। दोपहर के समय बनवारी योजना एवं सांख्यकीय कार्यालय में डाक लगाने के बाद कोहेफिजा ब्रिज के कट पाइंट से कलेक्ट्रेट की तरफ जा रहे थे। इसी बीच कलेक्ट्रेट की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने उनकी बाइक के अगले पहिए में टक्कर मार दी, जिससे बनवारी बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया. सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजन ने बनवारी को हबीबगंज स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस टक्कर मारने वाले बाइक चालक की तलाश कर रही है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022